WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, गुरुवार, 25 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 245 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पड़ौसी देश पाकिस्तान का दु:ख कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इंटरनेशनल बेइज्जती भिखारीस्तान के लिए रोजमर्रा की बात हो गई है। आर्थिक बदहाली का शिकार कंगालीस्तान के लिए दुबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत उस समय चरितार्थ हो गई जब सऊदी अरब ने भीख मांगने के आरोप में छप्पन हजार पाकिस्तानियों को खदेड़ दिया। सऊदी अरब और यूएई ने शाहबाज शरीफ को चेतावनी दी है कि वे अपने भिखारियों पर लगाम लगाएं जो कहीं भी यह गाते हुए घुस जाते हैं कि - इंटरनेशनल फकीर आए हैं दे दाता के नाम तुझको अल्लाह रखे...।

छत्तीसगढ़ बंद को मिला-जुला समर्थन

रायपुर में मैग्नेटो मॉल में तोड़फोड़ , ब्लिंकिट-कर्मी को पीटा, -कांकेर में महिला का घर तोड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के आमाबेड़ा में हुई हिंसा और कथित धर्म परिवर्तन के विरोध में कई सामाजिक संगठनों ने आज छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। प्रदेशभर में बंद का असर दिखा। रायपुर, दुर्ग और जगदलपुर में स्कूल, दुकानें और कई कॉमर्शियल प्रतिष्ठान सुबह से बंद हैं। वहीं एमसीबी जिले में बंद बेअसर रहा। वहीं कांकेर में फिर से बवाल हो गया है। आमाबेड़ा के उसेली गांव की धर्मांतरित महिला राम बाई तारम का घर तोड़ दिया है। राम बाई तारम का कहना है कि हिंदू धर्म में वापस आने को तैयार नहीं है, इसी बात को लेकर गांव वालों ने तोडफ़ोड़ की। 5-6 साल से ईसाई धर्म को मान रहे हैं। बीमारी के इलाज के लिए हिंदू धर्म छोड़े हैं।

इसके अलावा रायपुर में कई कार्यकर्ताओं ने गुंडागर्दी की है। ब्लिंकिट के ऑफिस में घुसकर कर्मचारियों को लाठी से पीटा है। एक कार्यकर्ता कर्मचारी को मारते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। वहीं रायपुर के मैग्नेटो मॉल में हिंदू संगठन के लोगों ने तोडफ़ोड़ की है। रायपुर में हिंदू संगठनों के सदस्य, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ मिलकर बंद करवाते रहे हैं। दुकानें बंद रखने की अपील की। जगदलपुर, अंबिकापुर, दुर्ग और बिलासपुर में भी सुबह से सभी दुकानें बंद रही। इस बंद को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और राज्य के कई व्यापारिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों का समर्थन मिला है। बाजार, दुकानें और प्राइवेट संस्थान बंद हैं, जबकि अस्पताल, मेडिकल स्टोर और इमरजेंसी सेवाएं खुली हैं। वहीं धमतरी में ■ शेष पृष्ठ 6 पर



कांकेर के आमाबेड़ा में बवाल विवाद की स्थिति बनी

कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में धर्मांतरण को लेकर एक बार फिर विवाद की स्थिति सामने आई है। गांव में कथित रूप से धर्मांतरित महिला को लेकर तनाव बढ़ गया। ग्रामीणों ने महिला का घर तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि महिला हिंदू धर्म में वापस आने को तैयार नहीं है। इसी बात को लेकर गांव वालों में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने महिला का विरोध किया, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया है। प्रशासन की नजर पूरे घटनाक्रम पर बनी हुई है।

बंद के दौरान धमतरी के तहसील कार्यालय में बवाल

धमतरी बंद के दौरान तहसील कार्यालय में बावल की स्थिति बन गई। बंद कराने निकले हिंदू समाज के लोगों पर विवादित टिप्पणी करने का आरोप है। भीड़ ने धर्मान्तरण के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और काफी देर तक बवाल होने लगा। टिप्पणी करने वाले के ऊपर उचित कार्रवाई की मांग की गई।

जगदलपुर में व्यापारी और दुकानदारों में तीखी बहस

कांकेर में धर्मांतरण और हिंसा के खिलाफ छत्तीसगढ़ बंद है। जगदलपुर में कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोल ली थीं। कई संगठनों और कुछ दुकानदारों के बीच तीखी बहस हुई। हालांकि बाद में दुकानें बंद कर दी गईं। जगदलपुर पूरी तरह बंद रहा।

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र को चेताया

'स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना आपकी जिम्मेदारी'

नई दिल्ली/वार्ता। वायु प्रदूषण की वजह से दिल्ली पिछले काफी समय से गैस चैंबर में तब्दील है। ऐसे में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की सरकार के साथ ही केंद्र सरकार भी इस मामले को लेकर कटघरे में है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी आज एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को चेताया है कि बिगड़ते वायु प्रदूषण के बीच नागरिकों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना आपकी न्यूनतम जिम्मेदारी है। दिल्ली हाईकोर्ट एयर प्यूरीफायर को चिकित्सका उपकरण घोषित करने और जीएसटी से छूट देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि अधिक वायु प्रदूषण वाले शहर में एयर प्यूरीफायर को बिलासिता की वस्तु नहीं मानी जा सकती। कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ हवा का अधिकार है। पीठ ने कहा कि एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम न करने का कोई कारण नजर नहीं आता।

दिल्ली हाईकोर्ट ने एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका पर की सुनवाई

ताइवान में 6.1 तीव्रता का भूकंप, चीन फिलीपींस और जापान तक झटके

ताइपे।(ए.)। ताइवान के दक्षिण-पूर्वी इलाके में बुधवार शाम करीब 5:47 बजे 6.1 तीव्रता का भूकंप आया है। किसी नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं आई है। इसके झटके चीन, फिलीपींस और जापान तक महसूस किए गए। सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, भूकंप का केंद्र ताइतुंग काउंटी हॉल से 10.1 किलोमीटर उत्तर में था और इसकी गहराई 11.9 किलोमीटर थी। ताइवान में भूकंप की तीव्रता को 1 से 7 के स्केल पर मापा जाता है। ताइतुंग काउंटी में तीव्रता स्तर 5 दर्ज किया गया, जबकि हुलिएन और पिंगतुंग काउंटी में स्तर 4 महसूस किया गया।

साहित्यिक जगत के स्तंभ शुक्ल पंचतत्व में विलीन

■ **राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, सीएम साय ने दिया कंधा**

रायपुर /नवप्रदेश । हिंदी की साहित्यिक परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने वाले प्रसिद्ध कवि, कथाकार और उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल का बुधवार को यहां मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार के दौरान उनके पुत्र शाश्वत शुक्ल ने उन्हें मुखाग्नि दी। उल्लेखनीय है कि शुक्ल का मंगलवार शाम 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था, जिससे हिंदी साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनके निवास पहुंचकर पार्थिव शरीर को कंधा दिया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी अंतिम यात्रा में प्रख्यात कवि कुमार विश्वास सहित देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

साल के आखिरी दिन होगी साय कैबिनेट की बैठक

■ **कई महत्वपूर्व प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में साल के आखिरी दिन मंत्रिपरिषद की बैठक होने वाली है। मंत्रालय, महानदी भवन में 31 दिसंबर को सुबह 11 बजे यह बैठक बुलाई गई है, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे. कैबिनेट को लेकर मुख्यसचिव विकास शील ने सभी विभाग प्रमुखों को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिए हैं।

10 दिसंबर की कैबिनेट बैठक के फैसले: इससे पहले 10 दिसंबर को साय कैबिनेट की बैठक हुई थी. इसमें कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी थी। मंत्रिपरिषद ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के विरुद्ध पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरणों के निराकरण और वापसी संबंधी प्रक्रिया को अनुमोदित किया है। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के विभिन्न कानूनों को समयानुकूल और नागरिकों के अनुकूल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इसरो का ऐतिहासिक मिशन

6100 किलो का अमेरिकी सैटेलाइट लॉन्च

भारत से लांच हुआ सबसे भारी उपग्रह

धरती पर कहीं से भी वीडियो कॉल कर सकेंगे

श्रीहरिकोटा/ए.। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने बुधवार सुबह एलवीएम3-एम6 रॉकेट से अमेरिकी सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लॉन्च किया। 6,100 किलोग्राम वजनी ब्लूबर्ड, भारत से लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है। इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने इसे देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। इससे पहले, नवंबर में लॉन्च किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने जताई खुशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एलवीएम3-एम6 रॉकेट से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट के सफल लॉन्च पर खुशी जताई। उन्होंने एक्स पर लिखा, यह भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह लॉन्च भारतीय मिट्टी से अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट अंतरिक्ष में स्थापित करने वाला मिशन है और यह भारत की हैवी-लिफ्ट लॉन्च क्षमता को मजबूत करता है।

खासियत

- ऊंचाई 43.5 मीटर
- इंजन- क्रायोजेनिक
- लिफ्ट- ऑफ के लिए दो S-200 सॉलिड बूस्टर थ्रस्ट

ब्लूबर्ड ब्लॉक-2

- फेज्ड एरे 223 वर्ग मीटर, वजन 6100 किलोग्राम
- ऑर्बिटल डिप्लॉय ऊंचाई 600 किमी

केंद्र सरकार ने दिल्ली मेट्रो के लिए 12015 करोड़ रुपये आवंटित किए



नई दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की लाईफलाइन कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो के विस्तार को लेकर केंद्र सरकार ने आज एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दिल्ली मेट्रो फेज-5 के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस परियोजना के लिए ?12,015 करोड़ के भारी-भरकम बजट को हरी झंडी दिखाई गई है, जो दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा।

हार्दिक खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामित

दिव्या, तेजस्विन और मेहुली अर्जुन अवॉर्ड की दौड़ में

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह को इस वर्ष के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चयन समिति ने एकमात्र नामित किया है। वहीं, युवा शतरंज स्टार दिव्या देशमुख और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाले डेकैथलीट तेजस्विन शंकर सहित 24 खिलाडिय़ों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है। योगासन खिलाड़ी आरती अर्जुन अवॉर्ड की दौड़ में

27 वर्षीय हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्ड के प्रमुख स्तंभ रहे हैं। वह 2021 टोक्यो और 2024 पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। इसके अलावा, उन्होंने इस वर्ष एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएएस डॉ. प्रियंका शुक्ला बनेंगी 'मेरा युवा भारत' की नई सीईओ

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने युवा मामलों से जुड़े एक अहम प्रशासनिक निर्णय पर मुहर लगा दी है। अपॉइंटमेंट्स कमेटी ऑफ द कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ कैडर की 2009 बैच की आईएएस अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला को 'मेरा युवा भारत का नया मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त करने की स्वीकृति दी है। यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर तीन वर्षों के लिए की गई है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, डॉ. प्रियंका शुक्ला को पे मैट्रिक्स लेवल-14 में यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो।



दिल्ली-ढाका में बढ़ी तल्खी

चरमपंथी तत्व भारतीय दूतावासों और परिसरों को निशाना बना रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय

भारत ने बांग्लादेश के हाई कमिश्नर को दोबारा किया तलब

नई दिल्ली/वार्ता। भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। भारत सरकार ने एक सप्ताह में दूसरी बार बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब कुछ घंटों पहले ही ढाका ने भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर भारत में बांग्लादेशी मिशनों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। इससे पहले हुई बैठक में भारत ने बांग्लादेश में स्थित अपने राजनयिक मिशनों के आसपास बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि कुछ चरमपंथी तत्व भारतीय दूतावासों और परिसरों को निशाना बना रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह भारत के मिशनों और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। मंत्रालय ने यह भी बताया कि ढाका में भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शांतिपूर्ण चुनावों का पक्षधर है भारत

भारत ने दोहराया कि वह बांग्लादेश में शांति, स्थिरता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का समर्थक है और वहां स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और शांतिपूर्ण चुनावों का पक्षधर है। इस बीच, बांग्लादेश ने भी उसी दिन भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। ढाका के विदेश मंत्रालय ने 20 दिसंबर को नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग और हाई कमिश्नर के आवास के बाहर हुई घटनाओं, साथ ही 22 दिसंबर को सिलीगुड़ी स्थित वीजा सेंटर में कथित तोडफ़ोड़ को लेकर गहरी चिंता जताई। बांग्लादेश सरकार ने आरोप लगाया कि भारत के विभिन्न शहरों में स्थित उसके राजनयिक मिशनों के बाहर चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंसक प्रदर्शन किए गए, जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मानदंडों का उल्लंघन है।

नव प्रदेश छत्तीसगढ़



न्यूज गैलरी

गरियाबंद में नये पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर (भापुसे) ने संभाला पदभार



गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी वेदव्रत सिरमौर ने गरियाबंद जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया है। कार्यभार संभालने के पश्चात उन्होंने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया एवं सभी अधिकारियों के वर्तमान कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त किये साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त कार्यालयिन स्टाफका मींटंग लिया गया। मीटिंग के दौरान सभी शाखा प्रभारियों को निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने कार्यो का निर्वहन करते हुए समय सीमा में वरिष्ठ कार्यालय का प्रतिवेदन एवं जानकारी भेजने के संबंध में निर्देष दिया गया।

सुशासन शिविर का आयोजन पालिका को मिले 20 आवेदन



खैरागढ़/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस पर शासन द्वारा लगाए जा रहे सुशासन शिविर के तहत नगरपालिका क्षेत्र के सांस्कृतिक भवन मे आयोजित समाधान शिविर मे पालिका प्रशासन को पहले दिन ही 20 से अधिक आवेदन मिले । शिविर का शुभारंभ नपाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने किया । शिविर मे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशनकार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र, राजस्व, जलप्रदाय, विद्यूत शाखा, लोकनिर्माण सहित स्वच्छता विभाग से संबंधित समस्याओ के निराकरण हेतू आवेदन पत्र मिले । इस दौरान स्वच्छता संबंधित 3, निराश्रित पेंशन के 3 राशनकार्ड के12 और प्रधानमंत्री आवास के 2 आवेदन हितग्राहियों ने दिए । स्वच्छता संबंधी एक आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया । बाकी प्राप्त आवेदनो को 25 दिसंबर से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए गए । कार्यक्रम में पालिका के पार्षदगण, अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे ।

चार गौ-वंश तस्कर सात गौ-वंश बरामद



खैरागढ़/नवप्रदेश। पशु तस्करी की सूचना के बाद अलर्ट हूई पुलिस ने दो वाहनो मे भरकर ले जा रहे सात गौवंश को सुरक्षित बरामद करने मे सफलता पाई है । गौवंश को खैरागढ़ लांजी होते महाराष्ट ले जाया जा रहा था । सूचना के बाद पुलिस ने शहर के धरमपूरा मार्ग पर नाकाबंदी कर वाहनो की जांच की पुलिस जांच से बचने पिकअप वाहन चालक वाहन छोडक़र भागने का प्रयास करते घेराबंदी के बाद पकड़े गए । पकड़े गए आरोपियों मे हेमलाल साहू 32 वर्ष हिरमी बलौदाबाजार, सुनील वासुदेव 20 वर्ष चौरेंगा बलौदाबाजार, राधेश्याम साहू 25 वर्ष गंजेरा बेमेतरा, अनिल वासूदेव, 27 वर्ष चौरेंगा बलौदाबाजार शामिल है । आरोपियो के वाहनो की तलाशी मे 4 नग भैंस 3 भैंसी बरामद किए गए । सभी पशुओं को बिना चारा-पानी के, भूखे-प्यासे एवं क्रूरतापूर्वक बांधकर भरा गया था। आरोपियो के पास से मवेशी, वाहन सहित कुल 16 लाख का सामान बरामद किया गया । आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 4, 6, 10, 11(1)(स्र), 11(1)(द्र), 11(1)(द्ध) एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192, 3/181, 130(1), 177 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार रिमांड पर भेजा गया है ।

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने जिले की टीम हुई रवाना



खैरागढ/नवप्रदेश। जिले की चयनित युवा प्रतिभाओं की टीम 23 से 25 दिसंबर तक बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भान लेने रवाना हुई। टीम को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 05 दिसंबर को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन में कुल 14 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें लोक नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, सुवा नृत्य, रॉक बैंड, राउत नाचा, नाटक, वेशभूषा सहित अन्य विधाएं शामिल थीं। विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए किया गया । वे 23 से 25 दिसंबर तक बिलासपुर में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु कुल 105 विद्यार्थियों को सहायक क्रीड़ा अधिकारी कन्हैयालाल पटेल के नेतृत्व में रवाना किया गया।

छत्तीसगढ़ बंद के तहत बैकुंठपुर नगर बंद, सुबह से बंद रहीं दुकानें

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। कांकेर जिले के आमाबेडा क्षेत्र में जनजातीय समाज पर हुए कथित हमलों, जबरन शव दफनाए जाने तथा प्रदेश में बढ़ते सामाजिक विभाजन के विरोध में बुधवार 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया। इस आह्वान के तहत बैकुंठपुर नगर में सर्व समाज के नेतृत्व में स्वस्फूर्त नगर बंद देखने को मिला। सुबह से ही नगर के अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानें और बाजार बंद रहे, वहीं सड़कों पर आमजन का व्यापक समर्थन नजर आया। सर्व हिन्दू समाज कोरिया द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नगर बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहा है। बंद को लेकर किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

महिला शिक्षिका ने रचा इतिहास: केबीसी की हॉट सीट तक पहुंचीं सरगुजा की विभा चौबे

■ 31 दिसंबर और 1 जनवरी को होगा प्रसारण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले की एक साधारण-सी शिक्षिका ने अपनी मेहनत, ज्ञान और आत्मविश्वास के बल पर असाधारण उपलब्धि हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सरगुजा जिले की विभा चौबे देश के सबसे प्रतिष्ठित क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की हॉट सीट तक पहुँचने वाली जिले की पहली महिला बन गई हैं। इतना ही नहीं, वे छत्तीसगढ़ की पहली महिला शिक्षिका होंगी, जो केबीसी के मंच पर हॉट सीट पर बैठकर खेलती हुई नजर आएंगी। केबीसी द्वारा जारी किए गए पहले प्रोमो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि विभा चौबे 31 दिसंबर और 1 जनवरी को महानायक अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठकर सवालों का सामना करती दिखाई देंगी। प्रोमो सामने आते ही सरगुजा जिले सहित पूरे शिक्षा जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। वर्तमान में विभा चौबे दरिमा गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं।

शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए बनी प्रेरणा: वे वर्षों से छात्राओं को शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही हैं। पढ़ाने के साथ-साथ निरंतर ज्ञान अर्जन की उनकी साधना ही उन्हें केबीसी जैसे राष्ट्रीय मंच तक ले गई।उनकी इस सफलता में परिवार का सहयोग भी अहम रहा है।

शिक्षा विभाग ने जताई खुशी

विभा चौबे की उपलब्धि से छत्तीसगढ़ का शिक्षा विभाग भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने यह संदेश दिया है कि मेहनत, ज्ञान और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है। उनकी यह सफलता विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, छात्राओं और शिक्षकों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही है।

लोगों के लिए प्रेरणा बनी विभा चौबे

आज विभा चौबे की पहचान केवल एक शिक्षिका के रूप में नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की उस बेटी के रूप में हो चुकी है, जिसने बच्चों को ज्ञान देते-देते खुद इतिहास रच दिया। उनकी यह उपलब्धि सरगुजा जिले के लिए गर्व, शिक्षा जगत के लिए सम्मान और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन गई है।



■ न्यूज गैलरी

अहमदाबाद से लापता युवक शहर में मिला



बिलासपुर/नवप्रदेश। अहमदाबाद, गुजरात से अपने घर हावड़ा लौट रहा एक युवक रास्ते में अचानक लापता हो गया, जिसे बिलासपुर रेलवे स्टेशन के बाहर एक हॉल में सुरक्षित अवस्था में पाया गया। युवक का सामान ट्रेन के कोच में लावारिस हालत में मिलने के बाद जीआरपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की।जांच के दौरान जीआरपी ने युवक के परिजनों से संपर्क किया। रविवार देर रात युवक का भाई चंद्रशेखर गीताांजली एक्सप्रेस से बिलासपुर स्टेशन पहुंचा और सामान की पहचान के बाद युवक की तलाश तेज की गई। इस दौरान लापता युवक स्टेशन के बाहर एक हॉल में बैठा हुआ मिला।पूछताछ के बाद युवक की पहचान सत्येंद्र कुमार यादव के रूप में हुई, जो गुजरात की एक कंपनी में रिफाइनरी का काम करता है। जीआरपी ने युवक को सकुशल उसके भाई के सुपुर्द कर दिया, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली और रेलवे पुलिस की तत्परता की सराहना की।

क्रिसमस के पूर्व संध्या गिरजाघरों में क्रिसमस पर्व की रही धूम

क्रिसमस आज, गिरजाघरों में एक-दूसरे को गले लगकर बांटेंगे पर्व की खुशियां

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्रिसमस पर आज ईसाई समुदाय के लोग गिरिजाघरों में विशेष आराधना करेंगे। पर्व पर एक-दूसरे को बधाई देगें। नगर की सभी गिरिजाघरों में आज बड़े धूमधाम से क्रिसमस का पर्व मनाया जा रहा है।

आज से लगभग 2025 साल पहले जब प्रभु यीशु मसीह का जन्म यरूसलेम के बैतलहम में हुआ तो आकाश में चमत्कारी घटना घटित हुई। एक बेहद चमकीला तारा पूर्व दिशा में दिखाई दिया। ज्योतिषियों ने राजा हेरोदेस के घर पहुंच कर कहा, राजा जिसका जन्म हुआ है, कहां है हमने पूर्व में एक तारा देखा है, बालक को प्रणाम करने आए हैं, राजा भयभीत और विचलित हो गया, कि मेरी सियासत में मेरे सिवाय और कौन राजा आ सकता है । उसने फरमान जारी कर दिया कि प्रांत के दो या दो वर्ष से छोटे सभी बच्चों को तलवार से मार दिया जाए। स्वर्गदूत ने मरियम और यूसुफ से कहा कि बच्चे को लेकर यहां से चले जाओ, क्योंकि राजा 2 वर्ष से छोटे सभी बच्चों को मरवाना चाहता है । तब वह रात ही रात बालक यीशु को लेकर मिस्र देश चले गए , राजा हेरोदेश की मृत्यु पश्चात वापस आकर नासरत नगर में रहने लगे इसीलिए बालक का नाम यीशु नासरी पड़ा। यीशु के जन्म के समय मध्य रात्रि में गडरिये अपने भेड़ बकरियों की रखवाली कर रहे थे। अचानक एक स्वर्ग दूत प्रकट हुआ और वह सब डर गए स्वर्ग दूत ने कहा मत डरो, देखो मैं तुम्हें बड़े आनंद का सुसमाचार सुनाता हूं कि आज दाऊद के नगर में तुम्हारे लिए एक उद्धार कर्ता जन्म लिया है ।

आराधना का संचालन प्रवीण करेंगे

सीएमडी चौक चर्च ऑफ़ क्राइस्ट में सीनियर पास्टर सुदेश पॉल की अध्यक्षता में क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा। आराधना का संचालन प्रवीण जैसल द्वारा एवं उपदेश सीनियर पास्टर सुदेश पॉल द्वारा दिया जाएगा। चर्च के सभी बुजुर्ग सदस्यों का पुष्प हार से सम्मान किया जाएगा। उपस्थित सभी जनों को केक वितरण किया जाएगा। लोग एक दूसरे को क्रिसमस की मुबारकबाद देंगे। बड़े हर्ष और आनंद के साथ क्रिसमस पर्व नगर की सभी गिरिजाघरों में आज मनाया जा रहा है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए रेलवे जीएम ने 4 कर्मचारियों को किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल परिचालन में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने मासिक संरक्षा बैठक के दौरान संरक्षा कोटि के चार कर्मचारियों को सम्मानित किया। इन कर्मचारियों ने अपनी सतर्कता और सजगता से संभावित हादसों को टालते हुए सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित किया। सम्मानित कर्मचारियों में बिलासपुर, नागपुर और रायपुर रेल मंडलों के पॉइंटमैन, लोको पायलट, तकनीशियन और ट्रैक मेंटेनर शामिल हैं, जिन्होंने हॉट एक्सल, ट्रैक अवरोध और वेल्ड क्रेक जैसी गंभीर स्थितियों की समय रहते सूचना दी। उनके इस सराहनीय योगदान से रेल संरक्षा सुदृढ़ हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

जनमन सड़क का गुणवत्ताहीन निर्माण की जांच करने अटल ने उपमुख्यमंत्री को लिखा पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री से कोटा विधानसभा क्षेत्र में बन रहे पीएम जनमन सड़क निर्माण में ठेकेदार एवं अधिकारियों के द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार एवं गुणवत्ताविहीन सड़क के निर्माण पर कठोर कारवाई करने का मांग किया गया उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा जांच कर दोषियों के विरूध्द कारवाई करने आश्वस्त किया गया है। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि कोटा विकासखंड में जनमन से 33सड़क स्वीकृत है जिसमे 26 सड़क का निर्माण एक मात्र ठेकेदार सुनील कुमार अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में रेत गिटटी डामर जैसे अत्यावश्यक समाग्री में अमानक का उपयोग कर गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण किया जा रहा है ठेकेदार द्वारा निर्मित सड़के 15 दिवस के अंदर ही उखड़ जा रहा है किन्तु संबंधित अधिकारियो द्वारा कभी भी सड़क की जांच नही किया गया और नही प्रगतिरत सड़को का कभी मौका निरीक्षण किया जाता है। ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुये आदिवासी ग्रामीणों के खेतों से मिटटी निकाल लिया जा रहा अटल श्रीवास्तव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र कोटा एक सुदूर आदिवासी वनांचल क्षेत्र है जिसमें बैगा सहित अनेक पिछ्डी जनजातीय समुह निवास करते है। कोटा क्षेत्र में पिछड़ी जनजाति के सुविधा हेतु पी.एम.जन.मन योजनांतर्गत सड़क निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें कई सड़को का निर्माण पूर्ण हो चुका है और कई सड़को का निर्माण प्रगतिरत है। सरकार विशेष पिछ्डी जनजातीय समूहो की समाजिक आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति को बेहतर बनाने के साथ मुख्यधारा से जोड़ने एवं सुगमता से आवागमन करने हेतु बारहमासी सड़क संपर्क सुविधा प्रदान करने पी.एम.जन.मन सड़क का निर्माण किया जा रहा है किन्तु उक्त महत्वपूर्ण योजना को ठेकेदार एवं अधिकारियों द्वारा मिलीभगत कर अनियमितता करते हुये घोर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

धर्मांतरण के विरोध में शहर बंद सफल, व्यापारियों का मिला व्यापक समर्थन

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वयंसेवक एवं सर्व धर्म समाज की ओर से बुधवार 24 दिसंबर को प्रदेश में बढ़ते धर्मांतरण के मामलों के विरोध में बंद का आह्वान किया गया। इस बंद को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स का भी समर्थन मिला, जिसके चलते प्रदेश के साथ-साथ बिलासपुर में भी व्यापारिक गतिविधियां व्यापक रूप से प्रभावित रहीं। स्वयंसेवक एवं सर्व धर्म समाज द्वारा बुलाए गए प्रदेश बंद का असर बिलासपुर में साफ तौर पर देखने को मिला।

रेलवे क्षेत्र के बुधवारी बाजार से लेकर शहर और ग्रामीण अंचलों तक अलग-अलग क्षेत्रों के व्यापारियों ने बंद को समर्थन देते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। व्यापारियों का कहना है कि प्रदेश में लगातार बढ़ रहे धर्मांतरण के मामलों को लेकर समाज में नाराजगी है और शासन-प्रशासन को इस दिशा में गंभीर कदम उठाने चाहिए। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन इस मुद्दे पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके चलते ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। इसी के विरोध स्वरूप बंद का समर्थन किया गया। व्यापारिक संगठनों ने एक स्वर में धर्मांतरण की घटनाओं की निंदा करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द के लिए घातक बताया।

बंद के दौरान बिलासपुर में लगभग 80 प्रतिशत व्यावसायिक संस्थान पूरी तरह बंद रहे। वहीं करीब 20 प्रतिशत छोटे और बड़े संयुक्त व्यावसायिक संस्थान खुले नजर आए। कुछ दुकानों के शटर आधे खुले थे, तो कुछ प्रतिष्ठान पूरी तरह खुले हुए दिखाई दिए, हालांकि बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में गतिविधियां काफी कम रहीं।बंद को देखते हुए बिलासपुर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अलावा पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें लगातार बाजारों और संवेदनशील इलाकों में गश्त करती रहीं, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

युवा मोर्चा ने वीर बाल दिवस के पूर्व सेवा कर दिया स्वच्छता का संदेश

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा युवा मोर्चा कोटा के द्वारा वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को मनाया जाना हैं, जिसके लिए एक दिन पूर्व कोटा मंडल के द्वारा गुरुद्वारे मे साफ- सफाई किया गया जिसमें प्रभारी के रूप में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी की उपस्थिति रही कोटा मे प्रथम आगमन पर युवा मोर्चा के द्वारा स्वागत किया गया उसके पश्चात उनके द्वारा सफाई अभियान चलाया गया साथ ही विशेष उपस्थिति के रूप में में बिलासपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल उपस्थित रहे उन्होंने अपने उद्बोधन मे कहा 9 जनवरी 2022 को, श्री गुरु गोविद सिंह के प्रकाश पर्व के दिन, प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों - साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में 26 दिसंबर को 'वीर बल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में, सरकार देश भर में सहभागितापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है ताकि नागरिकों, विशेष रूप से छोटे बच्चों को, साहिबजादों के अनुकरणीय साहस की कहानी के बारे में सूचित और शिक्षित किया जा सके।

खेल से मानसिक सशक्तिकरण व नेतृत्व क्षमता होता है विकसितः ऐश्वर्या

■ **आधारशिला सैनिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन**

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीते 23 दिसंबर को आधारशिला विद्या मन्दिर न्यू सैनिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय सिन्हा मैनेजर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जूना बिलासपुर एवं ऐश्वर्या सिंह(क्रिकेट) तथा विशिष्ट अतिथि राइज एकादमी (बैडमिंटन) धन्वंतरि खत्री के साथ अन्य गणमान्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के फिजिकल डीपीटी मनीष सक्सेना, कमलेश अग्रवाल (मार्केटिंग ऑफिसर) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कविता जनास्वामी उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि ऐश्वर्या सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि मानसिक सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि संजय सिन्हा ने विद्यार्थियों को जीवन में खेलों के महत्व को बताया तथा छात्रों को खेलो के प्रति प्रोत्साहित कर सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, रिले रेस, हैंड बॉल, बास्केटबॉल, टग ऑफ वार सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हाउस को भी पुरस्कृत किया गया वर्ष 2025-26के लिए बेस्ट हाउस वेदव्यास हाउस (ग्रीन हाउस) और द्वितीय स्थान विश्वामित्र हाउस (रेड हाउस) रहा,वही तृतीय स्थान संदीपनी हाउस (ब्लू हाउस) एवं चतुर्थ स्थान पर द्रोणाचार्य हाउस (यलो हाउस) रहा। कार्यक्रम के अंत में खेल कैप्टन दामिनी सूर्यवंशी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, आयोजकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से वार्षिक खेल का सफल आयोजन हो सका सभी का मै हृदय धन्यवाद करती हूँ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिषद के सदस्य हेड बॉय युवराज यादव, हेड गर्ल दिव्या श्रीवास, सचिव बॉय अरिहान श्रीवास्तव,सचिव गर्ल पल्लवी कुलदीप, स्पोर्ट कैप्टन बॉय स्वप्निल यादव, स्पोर्ट कैप्टन गर्ल दामिनी सूर्यवंशी का सहयोग प्रसंशनीय रहा। विभिन्न खेलों के सफल संचालन के लिए विद्यालय के पीटीआई के विभागाध्यक्ष उत्तम सर के निर्देशन में दामिनी और जतिन सर का प्रयास सरानीय रहा।

सुविचार

लोग आपको महत्व न दें तो टेंशन न लें क्योंकि अच्छे लोग और अच्छी किताबें सबके समझ में नहीं आती। - अज्ञात

भारत के खिलाफ बांग्लादेश में बड़ी साजिश

पड़ोसी देश बांग्लादेश में वहां के कटटरपंथियों द्वारा हिन्दुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा को लेकर अब भारत में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और सरकार से बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग उठने लगी है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और केन्द्र सरकार को सुझाव दिया है कि वह इस मामले को गंभीरता से लें। केन्द्र सरकार भी बांग्लादेश की स्थिति पर नजर बनाये हुए है और उसके खिलाफ चरणबद्ध कार्यवाही कर भी रही है। बांग्लादेशियों का विजा रद्द किया जा रहा है इसके अलावा भी उसके खिलाफ कार्यवाही की तैयारी हो रही है। भारत बांग्लादेश सीमा पर भारतीय सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी गई है जिससे ऐसा लगता है कि निकट भविष्य में कुछ बड़ा होने वाला है। इस बीच फॉरेन अफेयर कमेटी के अध्यक्ष शशि थरूर ने बयान दिया है कि भारत के लिए पाकिस्तान से भी बड़ा खतरा बांग्लादेश से है। उनके इस बयान से साफ जाहिर है कि बांग्लादेश में सिर्फ कट्टरपंथी ही नहीं बल्कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएफआई तथा पाकिस्तान के आतंकी संगठन भी मिलकर भारत के खिलाफ बड़ी साजिश रच रहे हैं। रही बात हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा की तो वह कोई नई बात नहीं है। जब से बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हुआ है तभी से वहां कट्टरपंथी हिन्दुओं को चुन-चुनकर निशाना बना रहे हैं। इससे गंभीर बात तो यह है कि बांग्लादेश भारत के खिलाफ बड़ा षडयंत्र रच रहा है वह भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश में मिलाने का सपना देख रहा है। सेवन सिस्टर कहे जाने वाले इन पूर्वात्तर के राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा बताते हुए वहां के कटटरपंथियों ने नक्शा भी जारी किया था। हालांकि बांग्लादेश का यह सपना कभी पूरा नहीं होगा। इन सेवन सिस्टर के भारत में दर्जनों ब्रदर हैं ऐसे में बांग्लादेश यदि कोई गुस्ताखी करता है तो बांग्लादेश का वजूद ही मिट जाएगा। दरअसल बांग्लादेश आर्थिक बदहाली का शिकार हो चुका है और उसे पाकिस्तान चीन और अमेरिका से आर्थिक मदद की शर्त पर मिल रही है कि वह भारत के खिलाफ माहौल बनाएं। बांग्लादेश के कट्टरपंथी इन विदेशी ताकतों के हाथों की कठपुतली बने हुए है और वहां लगातार भारत के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन हो रहे हैं। वहां के कट्टरपंथी यह साबित करने पर तुल हुए हैं कि बांग्लादेश की सभी समस्याओं के लिए भारत ही जिम्मेदार है। ऐसी स्थिति में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार और बढ़ने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता और इसके पहले की पानी सिर से ऊंचा हो भारत को बांग्लादेश के खिलाफ कठोर रूख अख्तियार कर कड़ी कार्यवाही शुरू कर देनी चाहिए।

जीतन राम मांझी के बगावती तेवर

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संयोजक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार विधानसभा चुनाव निपटने के बाद बगावती तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। जबकि उनके बेटे संतोष कुमार को बिहार में नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। जीतन राम मांझी अब राज्यसभा में भी एनडीए से एक सीट की मांग कर रहे हैं। उनका है कि यदि उनकी पार्टी को राज्यसभा की एक सीट नहीं दी गई तो वे अन्य विकल्पों पर विचार करेंगे। उन्होंने तो यहां तक कह दिया है कि उनके लिए केन्द्रीय मंत्री का पद कोई मायने नहीं रखता यदि उन्हें मंत्री पद से हटा दिया गया तो भी उनका अस्तित्व कायम रहेगा। जीतन राम मांझी ने विधानसभा चुनाव के दौरान एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर भी कड़े तेवर दिखाये थे और ज्यादा सीटों का दावा किया था किन्तु बाद में उन्होंने बेमन से ही सही लेकिन सीटों के बंटवारे के लिए तय किये गये फॉर्मूले पर अपनी सहमति की मुहर लगा दी थी। अब वे राज्यसभा की एक सीट के लिए दावेदारी कर रहे हैं और एनडीए में अपनी पार्टी की उपेक्षा का भी आरोप लगा रहे हैं। जीतन राम मांझी यदि बगावत पर उतर आते हैं और एनडीए से नाता तोड़ लेते हैं तो इससे न तो केन्द्र की एनडीए सरकार की सेहत पर कोई असर पड़ेगा और न ही दो तिहाई बहुमत से बिहार में बनी नीतीश कुमार की सरकार का कुछ बिगड़ेगा। इसके बावजूद जीतन राम मांझी यदि एनडीए को ब्लैकमेल करनी की कोशिश करेंगे तो खता खाएंगे।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ को सुख न दे सके राम; साक्षात परमात्मा हैं! कंस को सुख नहीं दे सके कृष्ण।

◆ आत्मज्ञान भी बिना कीमत के नहीं मिलते और आत्मज्ञान का फल है परमआनंद।

◆ केवल और केवल आसक्ति चाहे वस्तु से, चाहे व्यक्ति से, चाहे परिस्थितियों से हो; वही दुख का मूल कारण है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1763 - भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या। 1771 मुग़ल शासक शाह आलम द्वितीय मराठाओं के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर बैठे। 1892 - स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी में समुद्र के मध्य स्थित चट्टान पर तीन दिन तक साधना की। 1924 - पहला अखिल भारतीय कम्युनिस्ट कॉन्फ्रेंस कानपुर में संपन्न। 1946 - ताईवान में संविधान को अंगीकार किया गया। 1947 - पाकिस्तानी सेना ने झनगड़ को कब्जे में ले लिया था। 1962 - सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1974 - रोम जा रहे एयर इंडिया के विमान बोइंग 747 का अपहरण। 1977 - हॉलीवुड के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता चार्ली चैपलिन का निधन। 1991 - राष्ट्रपति मिखाइल एस. गोर्बाचोव के त्यागपत्र के साथ ही सोवियत संघ का विभाजन एवं उसका अस्तित्व समाप्त। 1998 - रूस एवं बेलारूस द्वारा एक संयुक्त संघ बनाये जाने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर। 2002 - चीन और बांग्लादेश के बीच रक्षा समझौता।

देश को समर्पित हिमालयी व्यक्तित्व : अटल बिहारी वाजपेयी

डॉ. नरेश बंसल
राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष भाजपा

अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एक बार लिखा था कि अंधेरे से डरना नहीं चाहिए क्योंकि यह केवल अपने भीतर ही जीवित रहता है। जैसे-जैसे भारत आत्मविश्वास और आकांक्षा के साथ आगे बढ़ रहा है, उनके शब्द और कार्य आगे के मार्ग को प्रशस्त करते रहेंगे। 2025 में अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशताब्दी वर्ष है। आइये! उस दूरदर्शी नेता, कवि, वक्ता और रणनीतिकार को नमन करें जिन्होंने भारत को एक सशक्त और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए इतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए और भारत के सर्वश्रेष्ठ संसद सदस्य का मान अर्जित किया। अटल जी का व्यक्तित्व आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता, मजबूत होते हुए भी करुणामय होने की भावना से प्रेरित था। वह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था, और यह आने वाले वर्षों में भी भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा। दीप जले, अंधेरा छटे, सत्य पथ पर देश बढ़े, अटल विचार, अटल संकल्प, युग-युग भारत का पथ गढ़े।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी महज एक स्मृति-उत्सव नहीं है, यह राष्ट्रीय आत्मनिरीक्षण का क्षण है।आज जब देश अपने लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष मना रहा है, 140 करोड़ भारतीय एक ऐसे नेतृत्व की परंपरा पर गौरान्वित महसूस कर रहे हैं जिसने नैतिक साहस को लोकतांत्रिक संयम, दृढ़ता को सहानुभूति और दूरदर्शिता को विनम्रता के साथ जोड़ा।

अटल जी उन दुर्लभ राजनेताओं में से एक थे जिनके लिए राजनीति जनसेवा का एक पवित्र साधन थी। उनका नेतृत्व दिखावटी नहीं था; बल्कि प्रेरक था। उनका मानना था कि अधिकार विश्वसनीयता से आना चाहिए और शक्ति जवाबदेही पर आधारित होनी चाहिए। एक प्रतिबद्ध विचारक होते हुए भी, उन्होंने कभी भी विचारधारा को संवाद पर हावी नहीं होने दिया। उनके लिए संसदीय लोकतंत्र एक प्रक्रियात्मक दायित्व नहीं बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी थी।

प्रधानमंत्री के रूप में, अटल जी ने यह सिद्ध किया कि सशक्त नेतृत्व और मानवीय शासन एक साथ चल सकते हैं। उनके कार्यकाल में भारत ने लोकतांत्रिक मूल्यों में दृढ़ रहते हुए वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके नेतृत्व ने विश्व को दिखाया कि भारत बिना जल्दबाजी किए दृढ़ संकल्पित हो सकता है, और बिना आक्रामक हुए मुखर हो सकता है। उनके विचार में, शक्ति का अर्थ तभी सार्थक होता है जब वह शांति और स्थिरता के लिए अपनी सार्थकता प्रतिस्थापित करता हो।

पोखरण परमाणु परीक्षण रणनीतिक दृढ़ संकल्प का प्रतीक था , जबकि शांति के लिए उनके प्रयासों ने उनकी कुशल राजनेता की भूमिका को अभिभूत किया। मानवीय मूल्यों के सशक्त प्रहरी , अटल जी मानना था कि भारत को सशक्त होने के साथ-साथ उत्तरदायी भी होना आवश्यक है ।

विकास के प्रति उनका दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण था। अटल जी समझते थे कि राष्ट्रीय प्रगति तभी सार्थक होती है जब वह समावेशी हो। अवसंरचना, ग्रामीण संपर्क और दूरसंचार के क्षेत्र में शुरू की गई महत्वपूर्ण पहलों का उद्देश्य केवल संपत्ति अर्जन नहीं था, बल्कि लोगों, बाजारों और अवसरों को आपस में जोड़ना था। सड़कों, संपर्क और प्रौद्योगिकी पर उनकी प्राथमिकताओं ने दूरस्थ क्षेत्रों को राष्ट्रीय मुख्यधारा में एकीकृत करने में मदद

हार नहीं मानूंगा,रार नहीं ठानूंगा,
काल के कपाल पर ,लिखता-मिटाता हूँ,
गीत नया गाता हूँ। - अटल बिहारी वाजपेयी

की और भारत के विकास को एक नया आधार दिया।

नीति और शासन के अलावा, अटल जी का सबसे बड़ा योगदान भारत को एक सभ्यतागत लोकतंत्र के रूप में समझना था। उनका मानना था कि भारत की शक्ति उसकी विविधता, वाद-विवाद करने की क्षमता और एकता खोए बिना मतभेदों को आत्मसात करने की क्षमता में निहित है। उनका राष्ट्रवाद आत्मविश्वास से भरा था, लेकिन कभी भी बहिष्कारवादी नहीं था; दृढ़ होते हुए भी सहानुभूतिपूर्ण था।

उत्तराखंड के लिए अटल जी की विरासत बेहद व्यक्तिगत और परिवर्तनकारी है। 9 नवंबर, 2000 को उत्तराखंड (तब उत्तरांचल) का शांतिपूर्ण गठन लोगों की लंबे समय से पोषित आकांक्षा की पूर्ति थी। यह महज प्रशासनिक पुनर्गठन नहीं था; यह राजनीतिक संवेदनशीलता और राष्ट्रीय दूरदर्शिता का महायज्ञ था क्यूँकि अटल जी समझते थे कि भूगोल शासन को आकार देता है, और जनमानस की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए आवश्यक है जन-जन के दिल की धड़कनों से जुड़ना ।

उनकी प्रतिबद्धता राज्य बनने के साथ ही समाप्त नहीं हुई ;उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि नवगठित राज्य को विशेष दर्जा और आर्थिक विकास को गति देने के लिए एक समर्पित औद्योगिक पैकेज मिले। उत्तराखंड के आध्यात्मिक और पारिस्थितिक महत्व को पहचानते हुए, उनकी सरकार ने उत्तरकाशी जैसे क्षेत्रों में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक सहायता भी प्रदान की। ये निर्णय विकास के प्रति उनकी समग्र समझ को दर्शाते हैं - एक ऐसी समझ जो पारिस्थितिकी, संस्कृति और आजीविका का सम्मान करती है।

उत्तराखंड के साथ अटल जी का रिश्ता नीतिगत संबंधों से कहीं बढ़कर था। उन्हें यहाँ के पहाड़ों, नदियों और आध्यात्मिक ऊर्जा से गहरा लगाव था। 1984 में चुनाव में हार के बाद उन्होंने हरिद्वार और गंगोत्री की पहाड़ियों में शरण ली और वहाँ की शांति से शक्ति प्राप्त की। बहुत कम नेता किसी क्षेत्र की आत्मा से इतनी गहराई से जुड़ पाते हैं।

आज जब हम कहते हैं, "अटल जी ने बनाया, मोदी जी संवारेंगे ," तो यह तुलना का नारा नहीं, बल्कि निरंतरता की अनुभूति है। अटल जी द्वारा रखी गई कनेक्टिविटी, बुनियादी ढांचा और राष्ट्रीय एकता की नींव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत और विस्तारित किया जा रहा है। दूरदृष्टि की यह निरंतरता समावेशी और महत्वाकांक्षी विकास के प्रति भारतीय जनता पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जन्म शताब्दी वर्ष, विशेष रूप से युवा भारतीयों के लिए, राजनीति को एक महान कर्तव्य के रूप में पुनः स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। अटल जी का जीवन यह सिखाता है कि नेतृत्व संख्या के बारे में नहीं, बल्कि दूरदर्शिता के बारे में है; टकराव के बारे में नहीं, बल्कि आम सहमति के बारे में है; व्यक्तिगत स्वार्थ के बारे में नहीं, बल्कि उद्देश्यगत ईमानदारी के बारे में है। सार्वजनिक जीवन में रहने वालों के लिए, उनकी यात्रा इस बात की याद दिलाती है कि सत्ता को हमेशा जवाबदेही के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। राष्ट्र के लिए, यह इस विश्वास को मजबूत करता है कि प्रगति और मूल्य प्रतिस्पर्धी विचार नहीं हैं, बल्कि पूरक हैं।

ढाका में राजनीतिक उथल-पुथल, भारत-बांग्लादेश संबंधों की नई चुनौती

रवि कुमार माँझी

अवसंरचना और विकास परियोजनाओं को तेज़ी से पूरा कर यह दिखाया जाए कि भारत की साझेदारी केवल रणनीतिक नहीं, बल्कि आम लोगों के जीवन से जुड़ी हुई है। कुल मिलाकर, ढाका में हुए राजनीतिक बदलाव भारतङ्कबांग्लादेश संबंधों के लिये एक कठिन परीक्षा हैं, लेकिन यह पूरी तरह संकट नहीं है। यदि भारत संवेदनशीलता, धैर्य और व्यावहारिक कूटनीति के साथ आगे बढ़ता है, तो यह दौर दोनों देशों के बीच रिश्तों को अधिक संतुलित और परिपक्व बनाने का अवसर भी बन सकता है। दक्षिण एशिया की स्थिरता और सहयोग का भविष्य काफी हद तक इसी समझदारी पर निर्भर करेगा।

भारत और बांग्लादेश के संबंध केवल दो पड़ोसी देशों के रिश्ते नहीं हैं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और साझा हितों से गहराई से जुड़े हुए हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम के बाद से भारत ने बांग्लादेश के साथ एक भरोसेमंद साझेदार की भूमिका निभाई है। सीमा विवादों का समाधान, व्यापार में वृद्धि, ऊर्जा सहयोग और कनेक्टिविटी परियोजनाएँ इस रिश्ते की मजबूती का प्रमाण रही हैं। लेकिन हाल के महीनों में ढाका में हुए राजनीतिक घटनाक्रमों ने इन संबंधों के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं।

अगस्त 2024 में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन को बांग्लादेश की राजनीति में एक बड़े मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि उस राजनीतिक स्थिरता का अंत भी था, जिस पर भारतङ्कबांग्लादेश संबंध लंबे समय से टिके हुए थे।

इस बदलाव के बाद राष्ट्रीय नागरिक पार्टी जैसे नए राजनीतिक दल उभरे हैं, जिनका नेतृत्व उन छात्र कार्यकर्ताओं के हाथ में है जो सरकार-विरोधी आंदोलनों में सक्रिय थे। इसके साथ ही जमात-ए-इस्लामी जैसी इस्लामी राजनीतिक शक्तियों की वापसी भी हुई है, जिन्हें पारंपरिक रूप से भारत के प्रति आलोचनात्मक माना जाता है।

इस आंतरिक राजनीतिक उथल-पुथल के साथ-साथ बाहरी शक्तियों की बढ़ती भूमिका भारत की चिंता बढ़ाती है। बांग्लादेश और चीन के बीच रणनीतिक सहयोग लगातार गहरा हो रहा है। भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास लालमोनिरहाट एयरफील्ड का उन्नयन इसी दिशा में एक अहम संकेत है। वहीं पाकिस्तान के साथ भी बांग्लादेश के सैन्य संपर्क बढ़े हैं, जैसे पाकिस्तानी नौसेना के फ्रिगेट का हालिया दौरा। इन घटनाओं से यह संकेत मिलता है कि बांग्लादेश अपनी विदेश नीति में नए विकल्प तलाश रहा है, जिससे भारत का पारंपरिक प्रभाव कमजोर पड़ सकता है।

बांग्लादेश की आंतरिक अस्थिरता का असर भारत पर प्रत्यक्ष रूप से भी दिखने लगा है। हालिया हिंसक प्रदर्शनों के दौरान चट्टोग्राम स्थित भारतीय असिस्टेंट हाई कमीशन में

तोड़फोड़ की गई। यह घटना बताती है कि घरेलू राजनीतिक तनाव किस तरह भारत-बांग्लादेश कूटनीतिक संबंधों को प्रभावित कर सकता है।

इसके अलावा बढ़ती अस्थिरता से अवैध प्रवासन और सीमा पार घुसपैठ का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसका असर भारत के सीमावर्ती राज्यों की आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक संतुलन पर पड़ सकता है।

भारत द्वारा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवीय आधार पर शरण देना भी एक संवेदनशील मुद्दा बन गया है। भारत का कहना है कि यह निर्णय मानवीय मूल्यों के तहत लिया गया है और उन्हें किसी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी गई है।

दूसरी ओर, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस पर आपत्ति जताई है और इसे देश की आंतरिक स्थिरता से जोड़कर देखा है। इससे दोनों देशों के बीच अविश्वास की स्थिति और गहरी हुई है।

इन राजनीतिक तनावों के बीच कुछ अहम द्विपक्षीय मुद्दे भी अधर में लटकते दिख रहे हैं। 1996 की गंगा जल संधि का नवीनीकरण दिसंबर 2026 में होना है, लेकिन अब तक इस पर औपचारिक बातचीत शुरू नहीं हुई है। जबकि वास्तविकता यह है कि गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों से बने बाढ़ के मैदान बांग्लादेश की लगभग 80 प्रतिशत भूमि को सिंचित करते हैं। जल सहयोग में किसी भी तरह की अनिश्चितता सीधे खाद्य सुरक्षा और आजीविका को प्रभावित कर सकती है।

आर्थिक दृष्टि से भारत और बांग्लादेश के रिश्ते अब भी मजबूत हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार 14.01 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया, जिससे बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है।

बांग्लादेश भारत से लगभग 1,160 मेगावाट बिजली आयात करता है और भारत की सहायता से निर्मित 1,320 मेगावाट का मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट ऊर्जा सहयोग का बड़ा उदाहरण है। भारत ने सड़कों, रेलवे और बंदरगाहों के विकास के लिये लगभग 8 अरब अमेरिकी डॉलर की लाइन ऑफक्रेडिट भी प्रदान की है। चटगाँव और मोंगला बंदरगाहों के माध्यम से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को समुद्री मार्ग से जोड़ना इस साझेदारी का एक व्यावहारिक लाभ है। फिर भी, सबसे बड़ी चुनौती धारणा की है।

बांग्लादेश की नई पीढ़ी, जो 1971 के इतिहास से भावनात्मक रूप से जुड़ी नहीं है, अक्सर भारत को संदेह की दृष्टि से देखती है। कुछ युवा नेता खुले तौर पर भारत के खिलाफबयान दे रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधों की दिशा अब केवल ऐतिहासिक स्मृतियों से तय नहीं होगी। ऐसे में भारत के लिये ज़रूरी है कि वह केवल सरकारों तक सीमित न रहे, बल्कि बांग्लादेश के युवाओं, नागरिक समाज, मीडिया और सभी राजनीतिक धाराओं के साथ संवाद बढ़ाए। जल कूटनीति जैसे संवेदनशील मुद्दों पर समय रहते पारदर्शी बातचीत शुरू की जाए।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आप जब जुल्फें



आप जब जुल्फें लहराते हुए आते हैं। बाग फूलों के खिल खिल कर महक जाते हैं। तुम चलते हो तब रुकी हवा चलती है ओढ लो घूंघट तो, चांदनी ढलती है महकी सांसों की खुशबुओं पर तिर कर ख्वाब रंगी तितली से थिरक जाते हैं आप जब जुल्फें...तुम हंसते हो तब नए चमन खिलते हैं प्यार करने को, परवाने मचलते हैं लरजते अधरों पर, भरे हो हाला सी मयकश तो बिन पीके बहक जाते हैं आप जब जुल्फें...

- अजय कुमार सिंह

वक़्त को यूँ ही

वक़्त को यूँ ही नहीं बरबाद कर रो रहा है क्यूं किसी को याद कर हंस पड़ेगा ये ज़माना देखकर आंसुओ का हल कोई ईज़ाद कर छोड़कर जाता नहीं अपना कोई अश्क मोती हैं नहीं बरबाद कर क़ैद बनती याद से पीछा छुड़ा दिल को अपने तू अभी आज़ाद कर आँधियां हों तेज़ और तूफ़ान भी हौसला अपना मगर आबाद कर।

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

पेड़ पत्थर और पहाड़ पर नजर है मेरे

पेड़ पत्थर और पहाड़ पर नजर है मेरे सरकार की वो घूम आते हैं विदेश जरूरत नही इसके दीदार की कुछ तो छोड़ो ओ जालिमों अगली पीढ़ी के वास्ते कल को हरियाली पाने जिसने जंगल आज तैयार की तुम रोप आये एक पेड़ गाथा गाते माँ के नाम और अनगिनत माताओं के मेहनत को बेकार की। - संत आर थवाइत

नया साल बस बहुत ही जल्दी साल

नया साल बस बहुत ही जल्दी साल बदलने वाला है। नई उमंगो के साथ नई उम्मीदों वाला है। पर जब भी कोई नया वाला साल आया है। साल भर से ज्यादा चल ही नहीं पाया है । - तपन मुखर्जी

ज़िंदगी का ज़रुरी होना मुझे

ज़िंदगी का ज़रुरी होना मुझे आता है एहसासों को जोड़ना... मुझे आता हैं एहसासों को तोड़ना... अपने ही उसूलों के इतने पक्के हैं मुझे आता है एहसासों को रब पे छोड़ना... कि जिंदगी के हर रंग से मुझे है मिलना लेकिन जरुरी है जिंदगी का मेरे लिए होना...!! - नंदिता तनूजा

कई दिनों से ये दिल मुस्कुराया नहीं

कई दिनों से ये दिल मुस्कुराया नहीं। कोई गीत भी लबों ने गुनगुनाया नहीं। आते रहते हैं सबके फ़ोन मैसेज कॉल; पर महीनों से माँ का कॉल आया नहीं। दिन भर में सैकड़ों बार मोबाइल टटोलती रहती हूँ,पर तुम्हारा कॉल तो आया ही नहीं। - पूजा 'बहार '

कुछ मौन हुए रिश्तों की खनकती आवाज़



कुछ मौन हुए रिश्तों की खनकती आवाज़, कुछ धूप से रिश्तों की घनेरी छांव, कुछ सुस्त पड़ी भावनाओं की अचानक से चहलकदमी, मतलब परस्ती की बू में निस्वार्थ प्रेम की खुश्बू, सब तुम्हारे साथ आ गयीं हैं मेरे जीवन में, सुनो मुझे अच्छा लगता है तुम्हारा रहना मुझमें, "तुम" रुक जाओ न मुझमें ही अब हमेशा के लिए ।

- शुचि 'भवि'

राशि फल



पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज आपके सोचे कार्य प्रारंभिक गतिरोध के बाद सफल बंनेगे। व्यवसायी लोग उचित निर्णय क्षमता का लाभ अवश्य पाएंगे। सेहत सामान्य रहेगी।

वृषः आज के दिन व्यवस्थाओं में सुधार आने से आय की संभावनाएं बढ़ेंगी। व्यवहार में भी शालीनता रहने से सभी लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर अधिक बोलने से अवश्य बचे मान हानि हो सकती है।

मिथुनः आपका आज का दिन अत्यन्त थकान वाला रहेगा। कार्य की भरमार रहने से शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान रह सकते है। गृहस्थ सुख आज सामान्य से कम ही रहेगा।

कर्कः आज आपका पारिवारिक जीवन उत्तम रहेगा व्यवसाय में भी आकस्मिक लाभ होने से उत्साहित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर भी धन खर्च कर सकते है।

सिंहः आज भी परिस्थितियों में उतार चढ़ाव लगा रहेगा इसलिए प्रत्येक कार्य को देख भाल कर ही करें। परिवार में शांति रखने के लिए आवश्यकताओ की पूर्ति समय पर करें। मध्यान के आस-पास सेहत प्रतिकूल बनेगी पेट अथवा वायु सम्बंधित व्याधि एवं शक्ति हीनता अनुभव कर सकते है।

कन्याः आज का दिन आपकी बुद्धि एवं विचार शक्ति में विकास कराएगा फिर भी घर एवं बाहर विरोध का सामना करना पड़ सकता है। धन सम्बंधित व्यवहार देखभाल कर करें।

तुलाः आज प्रातः काल में किसी आवश्यक कार्य में विलम्ब होने अथवा बिगड़ने के कारण दिन भर क्रोध से भरे रहेंगे फिर भी व्यवहार में नरमी रखें अन्यथा अन्य लाभों से भी हाथ धो बैठेंगे।

वृश्चिकः आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसायिक एवं पारिवारिक उलझने कम होने से आज आपकी योजना सफल बनेगी। परिजनों का व्यवहार भी आपके अनुकूल रहेगा सहयोग की उम्मीद भी रख सकते है।

धनुः आज के दिन लाभ की संभावनाएं बनते बनते बिगड़ सकती है आलस्य की प्रवृति इसका कारण बनेगी। परन्तु फिर भी कार्य क्षेत्र पर सम्मानजनक स्थित बनी रहेगी। शांति बनाए रखें।

मकरः आज भी दिन आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा परन्तु आकस्मिक खर्च आज अधिक रहने से परेशानी भी होगी। घर में शांति बनी रहेगी।

कुंभः आपकी आज की दिनचर्या भी संघर्ष वाली रहेगी। परिश्रम अधिक करने पर भी अल्प लाभ होने से मन दुःख होगा। सरकारी कार्यो में भी किसी की सहायता की आवश्यकता पड़ेगी।

मीनः आज आप प्रातः काल से ही यात्रा की योजना बनाएंगे परन्तु अंतिम समय में किसी कार्य के आने से विघ्न आ सकते है। मन इच्छित कार्य ना होने से दिन भर क्षुब्ध रहेंगे।

QUIZ TIME

1) झील किवु, जो समाचारों में देखी गई थी, किन दो देशों के बीच स्थित है?

2) माउंट एडम्स एक स्ट्रैटोवोल्केनो किस देश में स्थित है?

3) पारंपरिक ज्ञान के संचार और प्रसार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

4) गुप्त काल में बलाधिकरण का सही पद क्या था?

5) हाल ही में कोणार्क चक्र की बलुआ पत्थर प्रतिकृतियां कहां स्थापित की गईं?

Ramaquiz



उत्तरमाला- (1) डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और रवांडा (2) संयुक्त राज्य अमेरिका (3) गुरुग्राम (4) सेना प्रमुख (5) राष्ट्रपति भवन

शब्द सागर



क्षमता विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला

विभाग की जरूरत के अनुसार अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण कोर्स तय किया जाए

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील ने कहा है कि विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की क्षमता विकास के लिए विभाग की जरूरत एवं पदों के अनुरूप प्रशिक्षण कोर्स तय किए जायें, जिससे वे कार्यक्रम मिशन कर्मयोगी के लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर सकें। मुख्य सचिव ने कहा कि कर्मचारियों की पदोन्नति एवं नवीन पदस्थापना होने पर उन्हें अपने नवीन पद के दायित्वों एवं कर्त्तव्यों के निर्वहन एवं क्षमता विकास के लिए एक सप्ताह का संस्थागत प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने आज यहां नवा रायपुर के आई.आई.आई.टी. में क्षमता विकास आयोग भारत सरकार तथा छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्बोधित किया। कार्यशाला में गृह एवं जेल विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ भी शामिल हुए।

कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास तथा परिवहन विभाग द्वारा क्षमता विकास के लिए तैयार प्रशिक्षण कोर्स का प्रस्तुतिकरण के जरिए प्रदर्शन किया गया। जिसे अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी देखा गया। आगामी दिनों में क्षमता निर्माण योजना पर आधारित अन्य विभागों के लिए आयोजित की जाएगी।

कार्यशाला में क्षमता विकास आयोग भारत सरकार की तकनीकी टीम के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण कोर्स बनाने कम्प्यूटर आधारित व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यशाला में क्षमता विकास आयोग के चेयरपर्सन एस.राधा. चौहान ने भारत सरकार के महत्वपूर्ण कर्मचारी मिशन कर्मयोगी के तहत तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम को क्षमता विकास आयोग की प्रमुख सलाहकार चंदलेखा मुखर्जी, प्रशासनिक अकादमी के डीजी सुब्रत साहू, संचालक टी.एस. महावार ने भी संबोधित किया।

कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह, नगरीय प्रशासन एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस., सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों से क्षमता विकास कार्यशाला में क्षमता आयोग भारत सरकार की तकनीकी के सदस्यों से प्रशिक्षण कोर्स के संबंधी जरूरी मार्गदर्शन एवं तकनीकी जानकारी हासिल कर लें। क्षमता विकास पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाल में राज्य शासन के चयनित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी को अपने विभाग की क्षमता विकास योजना बनाने हेतु आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल की तकनीकों का डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से मार्गदर्शन एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

अस्पतालों में अवकाश के दिनों में भी इमरजेंसी सेवाएं रहती हैं बहाल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर ने बताया है कि शासन के नियमानुसार रविवार और अन्य शासकीय अवकाश के दिनों में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और आपातकालीन ओपीडी का संचालन निरंतर किया जाता है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आपातकालीन OPD मुख्य आपातकालीन कक्ष से संचालित किया जाता है। इस दौरान ड्यूटी पर चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स और अन्य आवश्यक स्टाफ उपस्थित रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अवकाश के दिनों में नियमित ओपीडी बंद रहती है, लेकिन आपातकालीन मामलों में मरीजों को अटेंड किया जाता है और जरूरत पड़ने पर उन्हें उच्च संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था भी उपलब्ध रहती है ।

मुख्यमंत्री ने जशपुर को दी ऐतिहासिक सिंचाई सौगात

किसानों के हित में 11 परियोजनाओं के लिए 199 करोड़ की स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने सुशासन के दो वर्षों के दौरान जशपुर जिले के कृषि एवं ग्रामीण विकास को नई दिशा देने की दिशा में एक और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिले में किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं के लिए कुल 199 करोड़ 49 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय को स्थायी मजबूती मिलेगी।

प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जशपुर जिले में बैराज, एनीकट, तालाब एवं व्यपवर्तन योजनाओं के निर्माण, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं से जिले के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा

और वर्षा पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आएगी।

जशपुर जिले को स्वीकृत प्रमुख सिंचाई योजनाओं में मैनी नदी, बगिया स्थित बैराज उद्वहन सिंचाई योजना के लिए 79 करोड़ 37 लाख रुपये, कुनकुरी ईब व्यपवर्तन योजना के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु 37 करोड़ 9 लाख रुपये, सहसपुर तालाब योजना के लिए 4 करोड़ 27 लाख रुपये तथा डुमरजोर (डुमरिया) व्यपवर्तन योजना हेतु 10 करोड़ 36 लाख रुपये की स्वीकृति शामिल है। इसी क्रम में तुबा एनीकट योजना के लिए 2 करोड़ 67 लाख रुपये, बारो एनीकट योजना हेतु 7 करोड़ 6 लाख रुपये, मेडरबहार तालाब योजना के लिए 5 करोड़ रुपये, पमशाला एनीकट योजना हेतु 28 करोड़ 2 लाख रुपये, कोनपारा तालाब के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए 3 करोड़ 47 लाख रुपये, अंकिरा तालाब योजना के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार हेतु 3 करोड़ 47 लाख रुपये तथा कोकिया व्यपवर्तन योजना के लिए 16 करोड़ 17 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

इन सिंचाई परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले के अनेक ग्रामों में खरीफऔर रबी दोनों फसलों के लिए पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इससे किसानों को खेती के लिए नियमित पानी मिलेगा, फसल उत्पादन बढ़ेगा और कृषि को स्थायी आजीविका का मजबूत आधार प्राप्त होगा।

राज्य सरकार ग्रामीण विकास के क्षेत्र निरंतर प्रभावी कदम उठा रही

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सिंचाई, कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। जशपुर जिले को मिली ये सिंचाई सौगातें सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनकल्याणकारी नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इन योजनाओं से जिले के किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

नड्डा के बयान से भाजपा के माथे से झीरम का कलंक नहीं मिटेगा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जेपी नड्डा ने राजनीतिक बयानबाजी के लिए सारी मर्यादा को तार-तार किया है। जेपी नड्डा के बयान से भाजपा के माथे से झीरम का कलंक नहीं मिटेगा। कांग्रेस ने झीरम हमले में अपने नेताओं की पूरी एक पीढ़ी को खोया है और उस समय राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। भाजपा केंद्र में पिछले बारह साल से सरकार में है। एनआईए ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह से पूछताछ क्यों नहीं किया? क्यों एनआईए ने आज तक झीरम हमले के दोषियों तक नहीं पहुंच पायी? जेपी नड्डा इस प्रकार का बयान दे रहे है, उनके पास तथ्यात्मक आधार क्या है, एनआईए उनसे पूछताछ करनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा डरती है झीरम का सच सामने आ जायेगा तो वह बेनकाब हो जायेगी।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि झीरम घाटी कांड एक ऐसा कांड था जिसने कांग्रेस के नेतृत्व की एक पूरी पीढ़ी को ही समाप्त कर दिया था। स्वतंत्र भारत में हुई दुर्दान्त और हृदय विदारक घटना भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में डॉ. रमन सिंह के राज में घटित हुई थी इसके गुनाहगारों को सजा से बचाने के लिए भाजपा लगातार षड़यंत्र करती रही है।

रमन सिंह से बड़ा क्रूर शासक आजाद भारत में आज तक नहीं हुआ

रमन सिंह से बड़ा क्रूर शासक आजाद भारत में आज तक नहीं हुआ। एक साथ विपक्ष के 32 नेताओं की हत्या हो गयी और तत्कालीन सरकार सच सामने आने देने से रोकने में पूरी ताकत लगा रखी थी। भाजपा के बड़े नेता जीरम की जांच को रोकने लगातार कोशिशें करते रहे उसमें साफ है झीरम के पीछे तत्कालीन भाजपा सरकार की भूमिका संदिग्ध थी। भाजपा के तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक झीरम की जांच रोकने पीआईएल क्यों लगाया था?

उद्यानिकी प्रशिक्षण से सशक्त होंगे किसान और युवा

सब्जियों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए ग्राफ्टिंग कारगर पद्धति

रायपुर/नवप्रदेश। किसानों एवं स्थानीय युवक- युवतियों को उद्यानिकी क्षेत्र में सशक्त बनाने के उद्देश्य से सुशासन सप्ताह पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जो भविष्य में जिले की उद्यानिकी को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा। सूरजपुर जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल की गई है। जिला खनिज न्यास डीएमएफनिधि के प्रभावी उपयोग से उद्यानिकी के क्षेत्र में किया जा रहा है। ग्राफ्टिंग के माध्यम से एक ही पौधे में बैंगन और टमाटर पैदा करने की एक नवीन तकनीक अंतर-विशिष्ट ग्राफ्टिंग, जैविक और अजैविक तनावों के प्रति सहनशीलता बढ़ाने के साथ-साथ सब्जियों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक आशाजनक रूप में उभरी है।

ग्राफ्टेड सब्जी उत्पादन का किसानों को प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप एवं कलेक्टर सूरजपुर के निर्देशन में सूरजपुर जिले में ग्राफ्टेड टमाटर, बैंगन एवं अन्य उद्यानिकी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु विशेष प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस पहल के तहत किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए ग्राफ्टेड सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे सब्जियों की बढ़ती मांग को पूरा करने में किसानों को नई ताकत मिलेगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले में रोजगार सृजन, उत्पादन वृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल किसानों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय युवक-युवतियों के लिए स्वरोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही ग्राफ्टेड पौधों की सुलभ उपलब्धता, लागत में कमी, गुणवत्ता में सुधार और उद्यानिकी उत्पादन में वृद्धि जैसे सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान देना उद्देश्य

प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों को कटिंग, बडिंग एवं ग्राफ्टिंग द्वारा पौधा तैयार करने की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात उद्यानिकी टूल-किट भी प्रदान की जाएगी, ताकि प्रशिक्षित हितग्राही तुरंत अपने कार्य की शुरुआत कर सकें।

ग्राफ्टेड पौधे तैयार करने के लिए कौशल विकास आधारित माली प्रशिक्षण

अब तक जिले के किसानों को ग्राफ्टेड पौधों के लिए बाहरी एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय, लागत और उपलब्धता की समस्याएं सामने आती थीं। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले में ही ग्राफ्टेड पौधे तैयार करने के लिए कौशल विकास आधारित माली प्रशिक्षण योजना लागू की है, जिससे किसानों की बाहरी निर्भरता कम होगी।

डीएमएफनिधि से उद्यानिकी विभाग को माली प्रशिक्षण हेतु राशि उपलब्ध

इस उद्देश्य से कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा डीएमएफनिधि से उद्यानिकी विभाग को माली प्रशिक्षण हेतु राशि उपलब्ध कराई गई है। इसके अंतर्गत जिले की दो प्रमुख शासकीय उद्यान रोपणियां शासकीय उद्यान दतिमा, विकासखंड सूरजपुर और शासकीय उद्यान खोरमा, विकासखंड प्रतापपुर में 30-30 कुल 60 हितग्राहियों (किसान एवं स्थानीय युवक-युवतियां) को निःशुल्क माली प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

14 दिन में बदली महाराजबंध तालाब की तस्वीर...

रायपुर/नवप्रदेश। महाराजबंध तालाब को स्वच्छ, सुरक्षित और जीवंत स्वरूप में लौटाने के उद्देश्य से संचालित महाराजबंध सफाई अभियान ने अपने 14 दिन सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। इस अवधि में तालाब से वर्षों से जमा हर प्रकार का अपशिष्ट हटाया गया है, जिससे तालाब की वास्तविक स्थिति सामने आई है।

अभियान में अब तक 46 गद्दे व तकिए, न्यूरो बैग, मेडिकल स्टूलमेंट, मरी हुई मछलियां, दुर्गा व गणेश की झांकियां, तथा भारी मात्रा में अन्य कचरा बाहर निकाला गया है। इसके अतिरिक्त कई ट्रक भरकर सिंगल यूज प्लास्टिक भी तालाब से हटाया गया, जो लंबे समय से हो रहे अनियंत्रित अपशिष्ट प्रवाह को दर्शाता है।

इस अभियान का संचालन ग्रीन आर्मी के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में किया गया है, जिनके अनुभव और दिशा-निर्देशन ने अभियान को प्रभावी और व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सफाई अभियान में चौंकाने वाले अपशिष्ट निकले

महाराजबंध सफाई अभियान के प्रोग्राम डायरेक्टर शशिकांत यदु ने बताया कि सफाई के दौरान तालाब से घरेलू, धार्मिक, चिकित्सकीय और जैविक – सभी प्रकार के अपशिष्ट निकाले गए हैं।

व्यावसायिक शिक्षा से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में तकनीकी शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा के समुचित विकास और समन्वय स्थापित करने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग सदैव प्रयासरत है। वर्तमान में तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत 29 इंजीनियरिंग महाविद्यालय तथा 53 पॉलिटेक्निक संस्थाए एवं 101 फर्मेसी संस्थाए संचालित है। जिनमे इंजीनियरिंग संस्थानों में स्नातक स्तर के 30 पाठ्यक्रम, स्नातकोत्तर स्तर पर 36 तथा पॉलिटेक्निक संस्थाओं में डिप्लोमा स्तर के 21 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम संचालित है। जिसमे लगभग 60 हजार छात्र-छात्राए अध्ययनरत है । विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

सत्र 2025-26 से आई.आई.टी. के तर्ज पर शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थाओ एवं शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय को उन्नयन करते हुए इमर्जिंग ब्रांच (रोबोटिक्स, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स इत्यादी) के साथ 04 छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना की गई है एवं जल्द ही रायपुर बिलासपुर तथा दुर्ग में छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना की जावेगी।

छत्तीसगढ़ के युवाओं के बीच नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य में i-Hub बनाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग एवं i-Hub गुजरात के साथ रूम्ब का निष्पादन किया गया एवं शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर में i-Hub की स्थापना की गई। जिसमें प्रदेश के छात्र/छात्राओं को Startup एवं Innovation संबंधी मार्गदर्शन प्रदाय किया जा रहा है।

146 करोड़ की लागत से बनेगा भोरमदेव कॉरिडोर

छत्तीसगढ़ की प्राचीन धरोहर बनेगी विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में 146 करोड़ रू. की लागत से भोरमदेव कॉरिडोर परियोजना का विकास किया जा रहा है। भूमिपूजन दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल होंगे। यह ऐतिहासिक निर्णय राज्य के पुरातात्विक और धार्मिक स्थलों को जोड़कर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करेगा। भोरमदेव मंदिर के इतिहास में पहली बार वाटर ट्रीटमेंट जैसी आधुनिक पहल हो रही है। परियोजना के अंतर्गत मुख्य मंदिर परिसर समेत मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुआ, सरोधा दादर तक कॉरिडोर का समग्र विकास होगा। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर 6 प्रवेश द्वार, पार्क, संग्रहालय,

1000 वर्ष पुरानी धरोहर को नया जीवन

परिधि दीवारों का संवर्धन, बाउंड्री वॉल साज-सज्जा, बोरवेल से पेयजल, शेड, बिजली, ड्रेनेज और पौधरोपण की व्यवस्था की जाएगी। ऐतिहासिक तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सफाई, जल गुणवत्ता सुधार, किनारों पर हरित क्षेत्र, बैठने की जगह और पैदल पथ विकसित किए जाएंगे। भोरमदेव मंदिर आने वाले हजारों कांवड़ यात्रियों के लिए आधुनिक शेड का निर्माण किया जाएगा। शेडों में पेयजल, स्वच्छता, विश्राम की समुचित व्यवस्था होगी, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक ठहराव मिल सकेगा।

निर्वाचक नामावली के प्ररूप के प्रकाशन की सूचना

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर निर्वाचक क्षेत्र के निर्वाचकगण को सूचना दी जाती है कि निर्वाचक नामावली निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के अनुसार तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति कार्यालय के समय के दौरान कार्यालय में और सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। है। निर्वाचक नामावली के तैयार किए जाने की अर्हक तारीख 01 जनवरी 2026 है। यदि पूर्वोक्त अर्हक तारीख के संदर्भ में, नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा या किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिए कोई आक्षेप किया जाता है या किसी प्रविष्टि की विशिष्टियों की बाबत कोई आक्षेप हो तो वह 22 जनवरी 2026 तक या उससे पूर्व प्ररूप 6, 7 या 8 में से जो समुचित हो, उस प्ररूप में दाखिल किया जाए। एक पात्र नागरिक जो 01 जनवरी 2026 वर्ष में पश्चातवर्ती अर्हता तारीखों अर्थात् 01 अप्रैल 2026, 01 जुलाई 2026 या 01 अक्टूबर 2026 में से किसी को अठारह वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला है, वह भी सूचना की तारीख से अग्रिम में प्ररूप 6 में निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दावा कर सकेगा और उस पर संबंधित अर्हता तारीख के संदर्भ में संबंधित तिमाही में विचार और विनिश्चय किया जायेगा।

पटना तहसील के पटवारी अमरेश कुमार पाण्डेय निलंबित

वायरल वीडियो में शासकीय कार्य के एवज में पैसे की मांग

कोरिया/नवप्रदेश। जिले के पटना तहसील में पटवारी अमरेश कुमार पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई 23 दिसंबर 2025 को वायरल सोशल मीडिया वीडियो के आधार पर की गई है, जिसमें वे हल्का नंबर 06 अमहर रा.नि.मं. क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय कार्य के एवज में पैसे की मांग करते नजर आ रहे हैं।

आदेश क्रमांक 4729/अ.वि.अ./का.गो./2025 के अनुसार, श्री पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण नियम) 1965 के नियम 03 का उल्लंघन किया गया। जो कि यह कृत्य को कदाचार की श्रेणी में आता है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 09 (1) के तहत निलंबन का आदेश जारी किया गया। निलंबन अवधि में उन्हें शासन के निर्देशानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही, उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुण्ठपुर में निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन ने इस मामले में सख्ती बरतते हुए भ्रष्टाचार पर लगाम कसने का संदेश दिया है। वायरल वीडियो में उनकी संलिप्तता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई की गई।

बड़ेतेवड़ा मामले को लेकर कलेक्टर ने की प्रशासनिक सर्जरी

कांकेर/नवप्रदेश। बड़ेतेवड़ा हिसंक मामले और सर्व समाज के छत्तीसगढ़ बंद को देखते हुए कलेक्टर ने प्रशासनिक सर्जरी करते हुए सर्व समाज की मांग पर मुहर लगा दिया है। अंतागढ़ एसडीम और आमाबेड़ा तहसीलदार को हटा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार अंजोर सिंह पैकरा अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अन्तागढ़ को तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान दायित्वों से मुक्त करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त अपर कलेक्टर, जिला कार्यालय कांकेर में पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर श्री राहुल रजक, डिप्टी कलेक्टर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अन्तागढ़ का संपूर्ण प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है। इसी क्रम में श्री सुधीर कुमार खलखो तहसीलदार आमाबेड़ा को उनके वर्तमान दायित्व से पृथक करते हुए उन्हें नजूल पट्टों की जांच एवं नवीनीकरण कार्य हेतु तहसीलदार नजूल (जिला नजूल शाखा) में अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है। उनकी जगह श्री कुणाल सरवैया तहसीलदार (संलग्न जिला नजूल शाखा, जिला कार्यालय कांकेर) को तहसील आमाबेड़ा का संपूर्ण प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है।

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 05 जनवरी को

कोरिया/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दि है कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की 05 जनवरी 2026 को दोपहर 2.00 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, श्री राजेश कुमार, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्री सुरेश सिंह, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय गोंड़ और जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर एवं सोनहत के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रगति एवं क्रियान्वयन व अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित 15 जनवरी तक

कोरिया/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय, डाईट, आई.टी.आई.,पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है संस्था के प्राचार्य एंव प्रमुखों को सूचित करते हुए कहा कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ पर आनलाईन आवेदन पत्र भरा जाना है। उन्होंने बताया कि छात्रवृति हेतु विद्यार्थी नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 15 जनवरी 2026 तक, ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने हेतु 5 फरवरी 2026 तक एवं सेंक्शन ऑडर लॉक करने 08 फरवरी 2026 तक निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ महिला कोष से महिला हितग्राहियों एवं स्व सहायता समूहों को ऋण वितरण

कोरिया/नवप्रदेश। शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर कोरिया में निर्देशन में प्रशासन गावं की ओर कार्यक्रम का अयोजन जिले के अलग-अलग स्थानों पर किया गया, जिसमें शासन के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंचाने निर्देश प्राप्त हुए है, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग कोरिया के द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को सुक्ष्म उद्यम के लिए छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना अंतर्गत राशि ऋण के रुप में उपलब्ध कराये जाते हैं, जो कि महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में सहायता प्रदान करता है। इस राशि से महिलाएं छोटे-छोटे उद्यम के संचालन करती हैं, अपने परिवार का देख-रेख एवं भरण-पोषण करने में अपने आप को सक्षम महसूस करतीं है। जिले में चल रहे प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में 14 महिला हितग्राहियों को कुल राशि 10.60 (दस लाख साठ हजार रुपये मात्र) एवं 02 स्व सहायता समूह को कुल राशि 3.00 (तीन लाख रुपये मात्र रुपये) की राशि ऋण के रुप में प्रदान किया गया।

धर्मांतरण के विरोध में कांकेर पूरी तरह बंद रहा

चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात, सर्व समाज ने अपनी अहम मांगें रखी

- एसपी के स्थानांतरण के बाद अंतागढ़ एसडीएम तहसीलदार पर कार्यवाही की मांग
- सफल बंद को लेकर सर्व समाज ने जनता का माना आभार

कांकेर/नवप्रदेश। बीते दिनों आमाबेड़ा के बड़ेतेवड़ा में हुई धर्मांतरण को लेकर हिसंक प्रदर्शन के बाद सर्व समाज के निर्णय के बाद 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद किया गया था। बड़े तेवड़ा विवाद के बाद कांकेर बंद का ज़बरदस्त असर देखने को मिला। कांकेर जिला का चारामा अंतागढ़ नरहरपुर लखनपूरी कोयलीबेड़ा पखांजुर दुर्गूकोंदल भानुप्रतापपुर ब्लॉक पूरी तरह से बंद का असर रहा।कांकेर जिले में सुबह से ही व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहा। चाय पान ठेला पूर्णतः बंद रहा। डेली मार्कट में रोजाना सब्जी पसरा भी पूरी तरह बंद रहा।मुख्यालय का हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड मस्जिद चौक सेन चौक घड़ी चौक में सर्व समाज ने रैली निकालकर लोगो से बंद का आव्हान किया गया।

सर्व समाज ने ऐतिहासिक बंद को लेकर कांकेर जिले की जनता का आभार जताते हुए कहा कि सर्व समाज छत्तीसगढ़ यह स्पष्ट रूप से अवगत कराता है कि प्रदेश में लगातार उत्पन्न हो रही सामाजिक अशांति, जनजातीय आस्था पर आघात तथा संगठित रूप से पैदा किए जा रहे सांस्कृतिक टकराव के विरोध में दिनांक 24 दिसंबर 2025 को प्रदेशव्यापी छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया है। यह बंद पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में किया गया।जिसमें सर्व समाज के विभिन्न सामाजिक, जनजातीय एवं नागरिक संगठन ने अपनी जिम्मेदारी निर्वहन किया गया।

सर्व समाज, छत्तीसगढ़ यह बताना चाहता है कि कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में हाल ही में घटित घटना कोई पहली या एकमात्र घटना नहीं है। इस प्रकार की घटनाएं इससे पूर्व भी छत्तीसगढ़ के ना सिर्फ़ जनजातीय एवं ग्रामीण अंचलों में सामने आती रही हैं, बल्कि कई बार मैदानी क्षेत्रों में भी विवाद की स्थिति बनी है। एक निश्चित पैटर्न के अंतर्गत ईसाई मिशनरियों एवं उनसे जुड़े कन्वर्जन-प्रेरित समूहों द्वारा सुनियोजित ढंग से ऐसे हालात निर्मित किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में तनाव, टकराव और सामाजिक वैमनस्य फैल रहा है। दुर्भाग्यवश, इन घटनाओं का सीधा दुष्परिणाम सर्व समाज, विशेषकर जनजातीय समुदायों को भुगतना पड़ रहा है।आमाबेड़ा की घटना ने इस वास्तविकता को और अधिक उजागर किया है कि पाँचवीं अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम सभा की भूमिका, जनजातीय आस्था एवं परंपराओं की संवैधानिक सुरक्षा को गंभीर रूप से नजरअंदाज किया गया। स्थानीय विरोध और संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद जिस प्रकार जिला पुलिस-प्रशासन की निष्क्रियता भीम आर्मी जैसे बाहरी संगठनों की संगठित भूमिका तथा पक्षपातपूर्ण कार्रवाइयां सामने आई है उसने जिला पुलिस-प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं।इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए सर्व समाज, छत्तीसगढ़ अपनी निम्नलिखित स्पष्ट, वैधानिक एवं न्यायसंगत 05 मांगें शासन के समक्ष रखता है।राज्य में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को यथाशीघ्र प्रभावी एवं सख्ती के साथ लागू किया जाए, जिससे प्रलोभन, दबाव अथवा षड्यंत्रपूर्वक किए जा रहे धर्मांतरण पर नियंत्रण स्थापित हो सके। साथ ही पूरे प्रदेश में कन्वर्जन के माध्यम से उत्पन्न की जा रही सामाजिक वैमनस्य की परिस्थितियों को गम्भीरता से लेते हुए शासन-प्रशासन सख्ती बरतें, एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे। जिले में जनजातीय समाज पर हुए संगठित हमले के लिए जिम्मेदार भीम आर्मी से जुड़े तत्वों एवं कन्चटेंड ईसाई समूहों के सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम धाराओं के अंतर्गत तत्काल कार्रवाई की जाए।जनजातीय समाज के लोगों के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने तथा शांतिपूर्ण ग्रामीणों पर असंगत एवं अत्यधिक पुलिस बल का प्रयोग करने के गंभीर आरोपों को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, कांकेर इंदिरा कल्याण एलेसेला का शासन द्वारा किया गया स्थानांतरण पर्याप्त नहीं है। हमारी मांग है कि उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए तथा उनकी संदिग्ध भूमिका की स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।शव दफन की प्रक्रिया के दौरान पक्षपातपूर्ण प्रशासनिक रवैया अपनाने तथा हिंदू समाज पर दुर्भावनापूर्ण एवं असत्य आरोप लगाने वाले एसडीएम ए.एस. पैकरा एवं तहसीलदार सुधीर खलखो को निलंबित कर उनकी संदिग्ध भूमिका की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। जनजातीय ग्रामीणों के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण ढंग से की गई पुलिस एवं प्रशासनिक कार्रवाइयों को तत्काल निरस्त किया जाए, उन पर लगाए गए आपराधिक प्रकरणों एवं धाराओं को वापस लिया जाए, तथा हिंसा एवं बल प्रयोग से पीड़ित ग्रामीणों को समुचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

सर्व समाज, छत्तीसगढ यह स्पष्ट करना चाहता है कि यह आंदोलन किसी धर्म या समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों, जनजातीय आस्था, सामाजिक समरसता और प्रदेश में कानून के शासन की रक्षा के लिए है। यदि शासन प्रशासन समय रहते निष्पक्ष एवं ठोस निर्णय लेने में विफल रहता है तो सर्व समाज को लोकतांत्रिक एवं कानूनी दायरे में अपने आंदोलन को और व्यापक करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होने की बात कही गई है।

सड़क नवीनीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश,बनेगी शानदार सड़क: विधायक

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल एवं अटल परिसर का भी किया निरीक्षण

केशकाल/नवप्रदेश। विधायक नीलकंठ टेकाम ने 23दिसंबर को केशकाल की सड़क नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया एवं कार्य में तेजी लाने अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि बहुत जल्द शहर वासियों को एक मजबूत सड़क बनकर मिलेगी। विधायक ने कहा कि कई महीनो से केशकाल नगर वासी एवं बस्तर से गुजरने वाले लोग केशकाल की जर्जर सड़क को लेकर काफी चिंतित थे लेकिन हमारे अथक प्रयास से अब यह सड़क बहुत जल्द ही पूर्ण होकर लोगों को मिलेगी। सड़क निर्माण में उच्च गुणवत्ता के साथ सड़क का निर्माण हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। एवं कार्य में तेजी लाने कहा गया है।

विधायक नीलकंठ टेकाम केशकाल के बस स्टैंड के पीछे बन रहे अटल परिसर का भी निरीक्षण किया, साथ ही केशकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयास से विधानसभा के केशकाल में लगातार कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो रहे हैं वर्षो से लंबित मांगों पर भी ध्यान देते हुए केशकाल विधायक ने कई ऐसे कार्य स्वीकृत करवाएं हैं जिसकी मांग पिछले 10-15 सालों से होती रही है अपने 2 साल के कार्यकाल में विधायक नीलकंठ टेकाम विधानसभा क्षेत्र केशकाल में करोड़ों के कार्य स्वीकृत कराकर जनता को समर्पित किए हैं।

विधानसभा केशकाल में अब तक सबसे ज्यादा कार्य इस दो सालों में स्वीकृत हुए हैं, विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी कई ऐसे महत्वपूर्ण मांग हैं जो कई वर्षों से की जा रही थी उसे भी स्वीकृत कराकर पूर्ण किया जाएगा केशकाल में बन रहे सड़क नवीनीकरण कार्य का विधायक नीलकंठ टेकाम बीच-बीच पर अवलोकन एवं निरीक्षण करते रहे हैं एवं अधिकारियों को निर्देश देते रहे हैं की गुणवत्ता पूर्ण कार्य एवं तेजी से कार्य पूर्ण हो ताकि अति शीघ्र केशकाल की जनता एवं केशकाल शहर से गुजरने वाली लोगों को एक शानदार सड़क मिल सके।

पालिटेक्निक कॉलेज में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस सह जागरूकता शिविर का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निर्देशानुसार 24 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नथियानवागांव में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया द्य उक्त शिविर में जिला उपभोक्ता आयोग कांकेर की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल एवं सदस्य डाकेश्वर सोनी द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाये जाने तथा उसके उद्देश्य के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया गया द्य जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष सुजाता जसवाल द्वारा उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई हियरिंग एवं ई फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और आप घर बैठे ही ई जागृति पोर्टल के द्वारा अपने मोबाईल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं ।राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस में इस वर्ष डिजिटल जस्टिस के माध्यम से प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण के संबंध में भी जानकारी दिया गया द्य

इस अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र सिंह, शिक्षक अभिजात शुक्ला, खाद्य विभाग से फूड इंस्पेक्टर उमेश सिन्हा, कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाये, विद्यार्थियों सहित जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी संजय कश्यप, रविंद्र ठाकुर, दीपक ध्रुव, भारती जाधव, मिथिला गोयल उपस्थित थे।

मनरेगा की मदद से आई उर्मिला के आंगन में खुशहाली की नई धारा

कोरिया/नवप्रदेश। जिले में महात्मा गांधी नरेगा से कई ग्रामीण परिवारों के दैनिक जीवन में बड़ा बदलाव हो रहा है। यह व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों तरह के कार्यों का सफल परिणाम है। ऐसे ही एक किसान परिवार के लिए मनरेगा की एक छोटी सी मदद ने किसान परिवार का जीवन बदल दिया है। जिला कोरिया के जनपद पंचायत सोनहत के अंतर्गत आने वाले ग्राम कैलाशपुर में रहने वाली उर्मिला और उनके पति मंगल के लिए पानी कभी एक बड़ी चुनौती हुआ करता था। लेकिन आज, उनके घर की बाड़ी में बना एक कुआं न केवल उनकी प्यास बुझा रहा है, बल्कि उनकी आर्थिक समृद्धि का आधार भी बन गया है।

संकट से समाधान तक का सफर

उर्मिला का परिवार लंबे समय से पानी की किल्लत से जूझ रहा था। दैनिक उपयोग और पीने के साफ पानी के लिए उन्हें दूर स्थित हैंडपंप तक कई चक्कर लगाने पड़ते थे। पानी की कमी इतनी अधिक थी कि वे अपनी जमीन पर खेती या सब्जी उगाने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। उनकी आर्थिक स्थिति और जीवन स्तर पानी की इस कमी के कारण स्थिर हो गया था। उनकी इस समस्या को देखते हुए, वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के तहत 'व्यक्तिगत कूप निर्माण कार्य' की स्वीकृति मिली। इस परियोजना के लिए 2 लाख 59 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई और कार्यान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत कैलाशपुर के माध्यम से समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया।

बदलता जीवन और आर्थिक विकास

कुआं बनने के बाद उर्मिला के परिवार में कई बदलाव आए हैं जिनमें प्रमुख तौर पर समय की बचत शामिल है। अब उन्हे पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे घर की महिलाओं का समय और श्रम बच रहा है। सिंचाई की सुविधा बढ़ गई है। कुएं में पर्याप्त जल होने के कारण अब परिवार अपनी बाड़ी में रबी की फसलें ले पा रहा है। उर्मिला अब अपने खेत में आलू, गोभी और मटर जैसी सब्जियां उगाकर इन सब्जियों को बाजार में बेचकर वे हर सप्ताह अच्छी कमाई कर रही हैं।

एक कूप ने बदला जीवन

अपनी खुशी साझा करते हुए उर्मिला कहती हैं, ÷इस कुएं ने हमारी सारी समस्याओं को एक साथ खत्म कर दिया है। पहले हमें पीने के पानी के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था, लेकिन अब हमारे पास जरूरत से ज्यादा पानी है। अब हम बाड़ी में सब्जियां उगाकर पैसे कमा रहे हैं। इस कुएं ने हमारी जिंदगी को तनावमुक्त और खुशहाल बना दिया है।÷उर्मिला की यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन कैसे एक गरीब परिवार को आत्मनिर्भर बना सकता है।

प्रथम पेज का शेष

छत्तीसगढ़ बंद को ...

भी लोगों ने शराब की दुकानें बंद कर दी।

रायपुर में हिंदू संगठन के लोगों ने मैग्नेटो मॉल में तोडफ़ोड़ की

कांकेर में धर्मांतरण और हिंसा के खिलाफविरोध कर रहे हिंदू संगठन के लोग सड़कों पर उतरे। रायपुर में हिंदू संगठन के लोगों ने मैग्नेटो मॉल में तोडफ़ोड़ की। क्रिसमस की जो सजावट की गई थी, उसे तोड़ दिया। फूल और सजावट का सामान हर जगह बिखरा हुआ है।

दुर्ग में सड़कों पर उतरे बजरंग दल के कार्यकर्ता, दुकानों को बंद करवाया

दुर्ग जिले में छत्तीसगढ़ बंद का असर देखने को मिला। बंद को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का सक्रिय समर्थन मिला, जिसके चलते शहर के कई इलाकों में बाजार स्वेच्छा से बंद रहे। सब्जी मंडी सहित प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में सुबह से ही दुकानें नहीं खुलीं, जिससे जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित रहा। बंद के दौरान दुर्ग में माहौल शांतिपूर्ण बना रहा। सर्व समाज के लोग, विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता एकजुट होकर सड़कों पर उतरे और लोगों से सहयोग की अपील करते नजर आए। पुलिस और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए रहे, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। बंद को लेकर व्यापारियों और आम नागरिकों ने भी स्वेच्छा से समर्थन देकर एकजुटता का संदेश दिया।

साहित्यिक जगत के स्तंभ ...

जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

विनोद कुमार शुक्ल को हाल ही में अति प्रतिष्ठित सम्मान 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से नवाजा गया था। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और रायपुर स्थित एम्स में उनका उपचार चल रहा था, जहाँ उन्होंने अंतिम सांस ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल का जाना हिंदी साहित्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि शुक्ल जी के रचनात्मक योगदान और विशिष्ट लेखन शैली को आने वाली पीढ़ियां सदैव स्मरण रखेंगी। अपनी सरल भाषा, गहन संवेदना और मानवीय अनुभवों को साहित्य के धागे में पिरोने वाले विनोद कुमार शुक्ल का जाना हिंदी साहित्य के एक गौरवशाली युग का अंत माना जा रहा है।

साल के आखिरी...

बनाने के उद्देश्य से 14 अधिनियमों में संशोधन के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) (द्वितीय) विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रथम अनुपूरक अनुमान वर्ष 2025-2026 का विधानसभा में उपस्थापन बावत् छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, 2025 का अनुमोदन किया । गया।

दिव्या, तेजस्विन और...

टीम में भी अहम भूमिका निभाई। इस साल एक और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए चयन समिति ने योगासन खिलाड़ी आरती पाल को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया है। खेल मंत्रालय से औपचारिक मान्यता मिलने के पांच साल बाद यह पहला मौका है जब किसी योगासन खिलाड़ी को यह सम्मान मिलने जा रहा है। आरती वर्तमान में राष्ट्रीय और एशियाई चैंपियन हैं, और यह खेल 2026 एशियाई खेलों में प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल होगा। अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए अन्य प्रमुख नामों में शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती, एशियाई खेल 2023 के रजत पदक विजेता तेजस्विन शंकर, निशानेबाज मेहुली घोष, जिमनास्ट प्रणति नायक, और भारत की शीर्ष महिला बैडमिंटन जोड़ी त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद शामिल हैं। गायत्री, राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच और पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन पुलेला गोपीचंद की बेटी हैं।

किसी भी क्रिकेटर का नाम शामिल नहीं

इस सूची में इस बार किसी भी क्रिकेटर को शामिल नहीं किया गया है। आखिरी बार 2023 में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार मिला था। गौरतलब है कि, खेल रत्न देश का सर्वोच्च खेल सम्मान है ।

भारत ने बांग्लादेश के हाई ...

हालात बिगाडऩे की मंशा से कुछ संगठनों द्वारा घोषणाएं की जा रही हैं, जिन पर बांग्लादेशी उच्चायुक्त का ध्यान दिलाया गया। भारत ने हालिया घटनाक्रमों को लेकर फैलाए जा रहे झूठे और भ्रामक नैरेटिव को भी खारिज किया और कहा कि चरमपंथी तत्व जानबूझकर गलत जानकारी फैला रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी अफसोस जताया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अब तक न तो इन घटनाओं की गहन जांच की है और न ही भारत के साथ कोई ठोस सबूत साझा किए हैं।

न्यूज गैलरी

ट्रक और ट्रेलर में जोरदार टक्कर, ड्राइवर की मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। एमएसपी जामगांव से सामान लोड कर अनलोड करने निकले ट्रेलर लेकर निकला था। जहां रास्ते में सामने से आ रही ट्रक से सीधा टक्कर हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रेलर में ही फंस गया था। जिसके बाद सूचना के बाद मौके पर पहुंचे चक्रधरनगर पुलिस टीम ने ड्राइवर को बेहोशी की हालात में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह अलग-अलग हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृतक गुरुदेव पिता सूर्यवंशी रामनारायण सूर्यवंशी 30 साल, निवासी घाटोली चौक चांपा का रहने वाला था। तिरुपति मिनरल्स चांपा में ड्राइवर का काम करता था। 17 दिसंबर को चांपा से ट्रेलर सीजी 11 एएम 1082 में समान लोड करके चांपा से एमएसपी जामगांव के लिए निकला था। 22 दिसंबर को करीब साढ़े 6 बजे शाम में ट्रेलर को एमएसपी में गाड़ी खाली किया। समान लोड करवाकर ट्रेलर लेकर नलवा जा रहा था। 23 दिसंबर को 2 बजे रात में वाहन को चलते समय बीच रास्ता जामगांव रोड के पास सामने से आ रही ट्रक क्रम सीजी 04 एलजेड 4482 से आमने सामने टक्कर हो गया। जिससे छाती में चोट लगने से बेहोश हो गया। चकरनगर पुलिस ने 23 दिसंबर की सुबह मेडिकल कॉलेज लेकर आए। डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की है।

धान खरीदी योजना में लापरवाही पर हल्का पटवारी निलंबित

रायगढ़/नवप्रदेश। राज्य शासन की प्राथमिकता वाली धान खरीदी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में लापरवाही बरतना ग्राम कमरगा के हल्का पटवारी को भारी पड़ गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर लैलूंगा एसडीएम द्वारा ग्राम कमरगा के हल्का पटवारी जितेन्द्र भगत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें तहसील मुख्यालय लैलूंगा में संलग्न किया गया है। इस अवधि में उन्हें मूलभूत नियम 53 के अंतर्गत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक समितियों एवं उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से पंजीकृत किसानों से धान खरीदी की जा रही है। इसके लिए सभी संबंधित पटवारियों एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों के धान उत्पादन का भौतिक सत्यापन करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 22 दिसम्बर को ग्राम कमरगा के हल्का पटवारी जितेन्द्र भगत से धान सत्यापन के संबंध में जानकारी मांगी गई, परंतु वे संतोषजनक जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके। उनके द्वारा मात्र तीन किसानों के पंचनामा प्रस्तुत किए गए, जिनमें केवल किसानों का नाम और हस्ताक्षर अंकित थे, जबकि आवश्यक विवरण एवं सत्यापन से संबंधित कोई जानकारी दर्ज नहीं थी। अतिरिक्त जानकारी पूछे जाने पर भी उनके द्वारा किसी प्रकार का संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया गया। प्रकरण की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित पटवारी द्वारा शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के पालन में गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1966 के नियम 03 के विपरीत होकर कदाचार की श्रेणी में आता है। परिणामस्वरूप जितेन्द्र भगत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनके हल्के का प्रभार केशव प्रसाद पैकरा को सौंपा गया है।

गरीबों का आशियाना उजाड़ पैसा कमाना चाहता है निगम

बिलासपुर/नवप्रदेश। लिंगियाडीह बचाओ आंदोलन लगातार 31 वें दिन भी जारी रहा। मंगलवार को इस आंदोलन को समर्थन देने कांग्रेस नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, उपनेता प्रतिपक्ष संतोषी रामबघेल, पार्षद शहजादी कुरैशी, मनहरण लाल कौशिक, रामा बघेल, पार्षद सुनील सोनकर, पार्षद मोहन श्रीवास पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने कहा कि नगर निगम गरीबों का आशियाना उजाड़ कर पैसा कमाना चाहता है। कमर्शियल कांपलेक्स गार्डन बना कर ऐसा करना गलत है। शहजादी कुरैशी ने कहा कि आप लोगों ने इन्हें को वोट देकर गलती की है। ये सभी वोट लेने के समय पैर पड़ते है और वोट लेने के बाद लोगों को धोखा देते हैं। मनहरण लाल कौशिक ने कहा कि पहला विधानसभा क्षेत्र है, जहां की जनता महिलाएं वोट देने के बाद ठगा महसूस कर रही हैं, सर्व दलीय विकास समित के संरक्षक डॉ. रघु साहू, सर्व किसान संघ कर्मी समाज व किसान नेता श्याममुरत कौशिक और परसराम कश्यप ने समर्थन दिया।

कई पार्किंग स्थलों से 32 लावारिस दोपहिया वाहन बरामद

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रायपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की विशेष टीम ने शहर के विभिन्न सार्वजनिक पार्किंग स्थलों पर दबिश देकर कुल 32 नग लावारिस दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन और प्रभारी एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम को अज्ञात आरोपियों की तलाश और चोरी के वाहनों की बरामदगी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। टीम ने शहर के उन संवेदनशील इलाकों पर ध्यान केंद्रित किया जहाँ से अक्सर वाहन चोरी की शिकायतें प्राप्त होती थीं।

इन प्रमुख स्थानों पर हुई कार्रवाई

पुलिस की विशेष टीम ने रायपुर के निम्नलिखित व्यस्त क्षेत्रों की पार्किंग चेक की:

रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड

मेकाहारा अस्पताल परिसर

शहर के विभिन्न मॉल और सार्वजनिक स्टैंड

जांच के दौरान टीम को पता चला कि इन पार्किंग स्थलों पर 32 दोपहिया वाहन काफी लंबे समय से लावारिस हालत में खड़े हैं। पूछताछ और छानबीन करने पर जब इन वाहनों का कोई मालिक सामने नहीं आया, तो पुलिस ने इन्हें विधिवत जब्त कर लिया।

वाहन मालिक यहाँ करें संपर्क

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि जिन लोगों के वाहन चोरी हुए हैं या गुम हुए हैं, वे इन बरामद वाहनों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कोर्ट में पेश लॉरेंस-बिश्नोई से जुड़े हैं तार

गैंगस्टर मयंक सिंह को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रायपुर पहुंची पुलिस

रायपुर/नवप्रदेश। झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पुलिस रायपुर पहुंच गई है। कुछ ही देर में उसे रायपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके पहले गैंगस्टर मयंक झारखंड के रामगढ़ जेल में बंद था।

लॉरेंस-बिश्नोई से जुड़े हैं तार: बता दें कि मयंक सिंह अमन साव गैंग का सदस्य है। इसके साथ ही उसके लॉरेंस बिश्नोई से भी संबंध है। मयंक पर रायपुर के कोयला कंस्ट्रक्शन कारोबारी प्रहलाद राय और पीआर ग्रुप के संचालक के कार्यालय पर गोली चलवाने का आरोप है।

कारोबारी के दफ्तर पर चलाई थी गोली

जुलाई 2024 में रायपुर के कोयला कंस्ट्रक्शन कारोबारी प्रहलाद राय और पीआर ग्रुप के संचालक के कार्यालय पर गोली चली थी। इसका सीसीटीवी भी सामने आया था। बाइक सवार आरोपी ने 2 बार फायरिंग की थी, जिसमें एक हवा में और दूसरी गोली कार पर की गई थी। आरोप है कि मयंक सिंह ने यह गोली चलवाई थी, वह इस घटना का मुख्य आरोपी है।

कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू था करीबी: मयंक सिंह उन गैंगस्टरों में शामिल रहा है, जो उद्योगपति, कारोबारियों समेत कई कई नेताओं से भी रंगदारी मांग चुका है। उसने राजस्थान में कांग्रेस विधायक और मंत्री रहे नेता से भी रंगदारी मांगी थी। वह झारखंड में कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का करीबी माना जाता है। अमन साहू का पहले ही एनकाउंटर हो चुका है। छत्तीसगढ़ की रायपुर जेल से झारखंड ले जाते वक्त पुलिस से छूटने के प्रयास में उसका एनकाउंटर हुआ था। ऐसे में मयंक सिंह के उससे कनेक्शन के चलते उसे पुलिस बड़ा सबूत मान रही है। क्योंकि मयंक ही विदेश में बैठें गुर्गों को निर्देश देता था।

कार से 83 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त

सरिया/नवप्रदेश। कार में अवैध तरीके से गांजा की तस्करी कर रहे तस्कर से 83 किलो गांजा बरामद करते हुए जप्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि कल रात में कंचनपुर बैरियर में वाहन चेकिंग के दौरान उड़ीसा तरफ से आते सफेद रंग के आर्टिगा कार क्र सीजी 15 सीव्ही 1742 को रुकवाने पर चालक द्वारा कार को नहीं रोकते हुए तेजी से भागने लगा। पीछा करने पर आर्टिगा कार का चालक कार को भटली मुक्तिधाम पास छोड़कर फरार हो गया। मौके पर कार की तलाशी लेने पर पीछे सीट तथा चैंबर में कुल 83 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।

सेवानिवृत्त बिजली कर्मियों को 50 प्रतिशत छूट, अब वसूली

लापरवाही: एरियर्स की वसूली के लिए भेजा नोटिस, कइयों के बिल में जोड़ी राशि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनीज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिजली बिल में 50 प्रतिशत तथा सेवानिवृत्त होने पर 25 प्रतिशत की छूट मिलती है लेकिन प्रबंधन की लापरवाही के चलते सैकड़ों सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 25 के बजाय 50 फीसदी की छूट बिजली बिल में दी जाती रही।

अब जब लापरवाही सामने आई तो सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को हजारों लाखों रूपए की वसूली का नोटिस जारी किया गया है। कईयों के बिजली बिल में एरियर्स की राशि जोड़ी गई है। एरियर्स की राशि देखकर सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी हतप्रभ हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पावर कंपनीज के 1900 से अधिक सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से 10-15 साल पहले के बिल में दी गई अधिक छूट की राशि एरियर्स के रूप में वसूल की जाएगी। इसके लिए कुछ को वसूली के लिए नोटिस जारी किया गया है तो कईयों के बिजली बिल में एरियर्स की राशि जोड़ दी गई है। बिल में भारी भरकम राशि देखकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के होश उड़ गए। दरअसल पावर कंपनी प्रबंधन कार्यरत कर्मचारियों को बिजली बिल में 50 प्रतिशत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाती है लेकिन दर्जनों सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 25 के बजाय 50 प्रतिशत की छूट दी जाती रही। कंपनी प्रबंधन की लापरवाही सालों बाद पकड़ी गई। बताते हैं कि वितरण केन्द्र अथवा जोन कार्यालयों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बिजली बिल में छूट को 25 प्रतिशत में परिवर्तन नही किया गया और बरसों तक 50 प्रतिशत रियायत जारी रही।

आश्चर्य की बात यह है कि सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारियों की दी जाती रही मनमानी छूट से प्रबंधन अनभिज्ञ रहा। इससे कंपनी को लाखों रूपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी अधिक छूट के बारे में जानकारी नहीं होना भी, चकित करने वाला है। बताते हैं कि जब लापरवाही अथवा गड़बड़ी पकड़ी गई तो अब सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से एरियर्स की वसूली की जा रही है। इसके लिए कुछ को एरियर्स की राशि के साथ नोटिस जारी किया है तो कइयों के एरियर्स की राशि को बिजली बिल में जोड़ दिया गया है।

सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ ने की जांच की मांग: छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ ने वितरण कंपनी के एमडी को पत्र लिखकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बिजली बिल में हजारों-लाखों रूपए एरियर्स के नाम पर जोड़े जाने का विरोध करते हुए जांच की मांग की है। संघ के प्रदेश महामंत्री पुनारद राम साहू ने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बिल में 50 प्रश की छूट को 25 प्रतिशत में परिवर्तन करने की जवाबदारी संबंधित वितरण केन्द्र अथवा जोन कार्यालयों का है, लेकिन बरसों तक 50 प्रतिशत छूट दी जाती रही।

इसकी जानकारी सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी नहीं थी। अचानक हजारों-लाखों रूपए एरियर्स के रूप में आने से सेवानिवृत्त कर्मचारी चकित हैं। संघ ने 50 प्रतिशत छूट का लाभसेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी देने, विद्युत अधिनियम 2003 के उपनियम के तहत 2 वर्ष से पूर्व की अवधि की किसी भी बकाया राशि को निरस्त करने तथा विद्युत देयकों में हुई चूक की निष्पक्ष जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सेवानिवृत्त 2011 में, वसूली 2015 से 2025 तक

एक प्रकरण में वर्ष 2011 में सेवानिवृत्त कर्मचारी को 2015 से 2025 की अवधि की राशि एरियर्स के रूप में निकालकर वसूली के लिए भेजा गया है। इसका मतलब यह हुआ कि 2011 से 2015 के मध्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जारी बिल नियमानुसार सही था। फिर 2015 में इसे किसके द्वारा परिवर्तित किया गया, यह जांच का विषय है। इसी तरह एक कर्मचारी के बिल में 50 हजार रूपए एरियर्स के रूप में जोड़ दिए गए हैं।

पीएम आवास में लगा दी दूसरे के घर की फोटो रोजगार सहायक बर्खास्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जनपद पंचायत बिल्हा की ग्राम पंचायत खैरा में गंभीर फर्जीवाड़ा सामने आया है। जांच में रोजगार सहायक मनोज सोनी द्वारा गलत जियो-टैग फोटो अपलोड कर 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि का गबन करने की पुष्टि हुई है। शिकायत मिलने पर गठित जांच समिति ने जांच में अनियमितता पाई। दोष सिद्ध होने पर कलेक्टर के अनुमोदन से रोजगार सहायक को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वाकांक्षी और गरीबों को पक्की छत देने वाली योजना में फर्जीवाड़े का मामला सामने आने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जनपद पंचायत बिल्हा अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा में पदस्थ रोजगार सहायक मनोज सोनी को गंभीर अनियमितताओं के चलते तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायत प्राप्त होने के बाद जनपद पंचायत बिल्हा द्वारा एक जांच टीम गठित की गई थी। जांच के दौरान यह सामने आया कि रोजगार सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के वास्तविक हितग्राही के मकान का जियो-टैग फोटो अपलोड न कर किसी अन्य हितग्राही के अधूरे या दूसरे आवास का फोटो पोर्टल पर अपलोड किया गया।

पांच दिन से भूख हड़ताल पर बैठे कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव, बीएसपी प्रबंधन से बातचीत फेल

रायपुर/दुर्ग। भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पिछले पांच दिनों से लगातार भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वे 'भिलाई नहीं बिकने देंगे' बैनर के तहत भिलाई सत्याग्रह कर रहे हैं। विधायक देवेंद्र यादव का कहना है कि, भिलाई से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है।

निजीकरण को लेकर धरने पर बैठे: भिलाई नगर से विधायक देवेंद्र यादव ने भूख हड़ताल 20 दिसंबर से शुरू किया था। उन्होंने कहा कि भिलाई का निजीकरण रुकना चाहिए। हमें भिलाई की बसाहट को जिंदा रखना है। उन्होंने सवाल उठाया है कि सेक्टर-9, सेक्टर-4 और सेक्टर-3 की बसाहट को खत्म, सेक्टर-9 अस्पताल के निजीकरण, स्कूलों, मैत्रीबाग, टाउनशिप के व्यापारियों, रिटेंशन स्कीम और आवासीय यूनिट्स को लेकर प्लान और समेत अन्य मुद्दों को क्लियर करना चाहिए। उनकी मांग है कि वह भिलाई शहर का निजीकरण नहीं होने देंगे।

बीएसपी प्रबंधन से बातचीत फेल: उनका आरोप है कि भिलाई स्टील प्लांट से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रबंधन गंभीरता नहीं दिखा रहा। लगातार भूख हड़ताल के चलते विधायक के स्वास्थ्य को लेकरसमर्थकों में चिंता भी देखी जा रही है, हालांकि उनका कहना है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन पीछे नहीं हटेगा। बताया जा रहा है कि भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारियों से अब तक कोई सार्थक बातचीत नहीं हो सकी है। इसी वजह सेआंदोलन और तेज होता नजर आ रहा है। पांचवें दिन भी जारी इस भूख हड़ताल ने भिलाई की राजनीति को गरमा दिया है। मेडिकल टीम ने उपवास पर बैठे विधायक देवेन्द्र यादव का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम लगातार देवेन्द्र यादव की जांच कर रही है। वहीं, उपवास को लेकर विधायक के समर्थकों में चिंता और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

दो बाइक के बीच भिड़ंत, 13 वर्षीय बालक की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। रामपुर-जोगीपाली के बीच दो बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चला रहे 13 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे करतला सीएचसी के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक रायगढ़ जिले से दो साथियों के साथ मेला देखने आया था। वह मेले में दोस्तों को छोड़ नाना के घर लौट रहा था। बहरहाल मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई पूरी कर ली है।

बताया जा रहा है कि रायगढ़ जिले के भूपदेवपुर थानांतर्गत ग्राम नहरपाली में संजय मांझी निवास करता है। उसका इकलौता पुत्र बिरेंद्र कुमार मांझी 13 वर्ष स्थानीय विद्यालय में कक्षा छठवीं में अध्ययनरत था। बिरेंद्र ने करतला थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीपाली नाना के घर जाने और वहां से रामपुर मेला देखने जाने की योजना बनाई थी। इस संबंध में उसने अपने पिता को जानकारी दी। उन्होंने बिरेंद्र को मेला जाने से मना कर दिया, लेकिन वह जिद्द में अड़ गया। वह अपने दोस्त बीरू व सुरेश के साथ बाइक क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 9078 में सवार होकर सीधे रामपुर आ गया। वह रात करीब नौ बजे दोस्तों को मेले में छोड़कर नाना के घर जा रहा था। वह चिराई झोरखी के समीप पहुंचा था। इसी दौरान उसकी बाइक सामने से आ रही दोपहिया क्रमांक सीजी 13 जे 5319 से जा भिड़ी। यह भिड़ंत इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों ही बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बिरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद दूसरे बाइक को छोड़ चालक फरार हो गया। हादसे की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल नाबालिग को इलाज के लिए करतला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाखिल कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात नाबालिग को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत नाबालिग को मृत घोषित कर दिया। उसके शव को मर्च्युरी शिफ्ट करते हुए मेमों अस्पताल चौकी भेज दिया गया।

मंगलवार की सुबह अस्पताल पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में वैधानिक कार्रवाई पूरी की। तत्पश्चात मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। यातायात पुलिस नाबालिगों के हाथ वाहन की स्टेयरिंग नही देने की समझाईश लगातार दे रही है। इसके बावजूद अभिभावक नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। यदि बीते कुछ दिनों के भीतर घटित सड़क हादसे की बात करें तो करतला थाना क्षेत्र में ही सड़क हादसे में तीन नाबालिग की मौत हो चुकी है।

किराए के मकान को बना रखा था गांजा भंडारण और सप्लाई का केंद्र

सेल्स टैक्स कॉलोनी बना गांजा 'हब', 02 तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में नशे के खिलाफचलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत खम्हारडीह पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने संयुक्त रूप से एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने भावना नगर स्थित सेल्स टैक्स कॉलोनी में दबिश देकर गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यहां आरोपियों ने किराए के मकान को गांजा भंडारण और सप्लाई का केंद्र बना रखा था।

रंगे हाथ पकड़े गए आरोपी: 23 दिसंबर 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भावना नगर चिल्फी हाइट्स के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में गांजा लेकर खड़े हैं। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने

घेराबंदी कर साहिल कुमार गुप्ता (बिहार) और विमल कुमार कुशवाहा (उत्तर प्रदेश) को दबोच लिया। इनके पास मौजूद बैग की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

किराये के मकान को बनाया था 'सप्लाई हब'

पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने भावना नगर स्थित सेल्स टैक्स कॉलोनी में एक मकान किराए पर लिया था। वे अन्य राज्यों से थोक में गांजा लाकर वहां स्टोर करते थे और ग्राहकों की मांग के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलकर और टेप से पैक कर सप्लाई करते थे। पुलिस ने जब मकान की तलाशी ली, तो वहां बोरियों और थैलों में भरा गांजा व पैकिंग सामग्री बरामद हुई।

मकान मालिक पर भी गिर सकती है गाज

पुलिस ने थाना खम्हारडीह में आरोपियों के खिलाफअपराध क्रमांक 402/25, धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब इस मामले में 'फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेजेस' की तलाश कर रही है ताकि मुख्य सप्लायरों तक पहुँचा जा सके। विशेष रूप से, बिना वेरिफिकेशन के मकान किराए पर देने के मामले में मकान मालिक की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने रैन बसेरा व आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में बढ़ते शीतलहर को देखते हुए जरूरतमंद एवं निराश्रित लोगों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज कलेक्टर अजीत वसंत ने प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में नगर पालिक निगम अम्बिकापुर द्वारा संचालित रैन बसेरा एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वसंत ने रैन बसेरा एवं आश्रय स्थल में साफ-सफाई की व्यवस्था, ठहरने वाले लोगों के लिए बिस्तर एवं कंबल की उपलब्धता तथा सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, ताकि ठंड के मौसम में आश्रय लेने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इस सुविधा के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग रैन बसेरा एवं आश्रय स्थल का लाभ उठा सकें।

पीपरबहरा उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

एमसीबी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पीपरबहरा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान (आईडी 532004069) के संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा पात्र समितियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सरपंच एवं सचिव द्वारा संचालन में असमर्थता जताए जाने के बाद यह प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रशासन के अनुसार आदिम जाति सहकारी समिति, बहुउद्देशीय सहकारी समिति, महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य पात्र संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं। इच्छुक समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति सहित आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर 30 दिसंबर 2025 तक कार्यालयीन समय में आवेदन जमा करना होगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पारदर्शी एवं नियमानुसार की जाएगी।

निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन मंगलवार 23 दिसंबर 2025 को किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले में संपादित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जानकारी दी।

जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश, अवैध धान पर प्रभावी रोक लगाना प्रशासन की प्राथमिकता

स्वीकृत गतिविधियों का क्रियान्वयन समय-सीमा के भीतर करें पूर्ण: जिला पंचायत

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ तोमर ने सुशासन सप्ताह, धान खरीदी, स्वास्थ्य, पीएम जनमन, राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति लाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ तोमर ने 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित हो रहे सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अधिक से अधिक जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण की जानकारी संबंधित ऑनलाइन पोर्टल में अनिवार्य रूप से एंट्री करने के निर्देश भी दिए। धान खरीदी की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने सुचारू एवं पारदर्शी रूप से धान खरीदी सुनिश्चित करने, अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध धान पर प्रभावी रोक लगाना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसके लिए अंतर्राज्यीय चेक पोस्टों पर विशेष सतर्कता, सघन जांच तथा अवैध धान परिवहन की प्रत्येक गतिविधि पर निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने धान खरीदी से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को

सक्रियता, सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए सभी स्वीकृत गतिविधियों का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ शीघ्र मिल सके। सीईओ तोमर ने स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए एनआरसी सेंटर के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में विद्यार्थियों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्ड बनाने एवं वितरण की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने स्वास्थ्य शिविरों की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने दुरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में विशेष रूप से पहाड़ी कोरवा एवं जनजातीय समुदायों को स्वास्थ्य सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तोमर ने राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर समय-सीमा के भीतर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करें ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्तीकरण के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जनदर्शन, जनशिकायत एवं जनचौपाल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा कर समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ट्रेलर वाहन सहित 20 टन कोयला जब्त

फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कोयला तस्करी का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

घरघोड़ा/नवप्रदेश। घरघोड़ा पुलिस द्वारा अवैध कोयला परिवहन के एक बड़े और संगठित अपराध का खुलासा करते हुए फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कोयला तस्करी कर रहे ट्रेलर वाहन चालक और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। मामले में संगठित अपराध पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध संगठित अपराध की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कुमार गौरव साहू को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेलर वाहन क्रमांक छ्त्त-10-क्र2601 में सिसरिंगा, धरमजयगढ़ की ओर से अवैध कोयला लोड कर रायगढ़ ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसएचओ के निर्देशानुसार हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ धरमजयगढ़ रोड बाईपास तिराहा, घरघोड़ा में घेराबंदी की गई। मुखबिर के बताए अनुसार संदिग्ध ट्रेलर वाहन आते दिखा, जिसे रोकने का प्रयास करने पर चालक वाहन को घरघोड़ा शहर की ओर भगाने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा कर थाना घरघोड़ा के सामने लैलूंगा रोड पर घेराबंदी कर वाहन को रोका गया।

वाहन चालक की पहचान आदर्श महतो पिता गौरीशंकर महतो उम्र 25 वर्ष, निवासी एस.ई.सी.एल. बरघाट कॉलोनी, थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ एवं उसके साथी अखिल लहरे पिता संतोष लहरे उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम गोडम थाना सारंगढ़, हाल मुकाम चक्रधरनगर रायगढ़ के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान दोनों के जवाब संदेहास्पद पाए गए।जांच में पाया गया कि ट्रेलर के मूल पंजीयन नंबर को काले रंग के पॉलिश से छिपाया गया था तथा इंजन और डाले पर कई स्थानों पर *फर्जी पंजीयन नंबर छ्त्त-10-क्र 2601 के स्टीकर* लगाए गए थे। ट्रेलर में लगभग *20 टन अवैध कोयला* लोड पाया गया। गवाहों के समक्ष की गई पूछताछ में खुलासा हुआ कि रायगढ़ के मिनी स्टेडियम के पास स्थित *बाबा ट्रैवल्स के संचालक अमित अग्रवाल* द्वारा योजनाबद्ध तरीके से फर्जी नंबर स्टीकर बनवाया गया था। आरोपी अमित अग्रवाल के निर्देश पर ट्रेलर वाहन क्रमांक छ्त्त-10-क्र1927 में पूर्व से चोरी का कोयला लोड कर उसका असली नंबर हटाकर फर्जी नंबर लगाकर रायगढ़ लाया जा रहा था।

पुलिस द्वारा ट्रेलर वाहन सहित लगभग 20 टन कोयला जब्त किया गया। मामले में आरोपी 1. आदर्श महतो उर्फ हैप्पी 2. अखिल लहरे 3. अमित अग्रवाल के विरुद्ध अपराध क्रमांक 332/2025 के तहत धारा 303(2), 112(2), 61(2), 338, 336(3), 3(5) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। घरघोड़ा पुलिस ने आदर्श महतो उर्फ हैप्पी एवं अखिल लहरे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक कुमार गौरव साहू, सहायक उप निरीक्षक राम सजीवन वर्मा एवं थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सिविल अस्पताल में एक दिन में चार सुरक्षित सिजेरियन डिलीवरी

■ **प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान**

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ सिविल अस्पताल में आज एक ही दिन में चार सिजेरियन डिलीवरी सफलतापूर्वक एवं सुरक्षित रूप से कराई गईं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सभी प्रसूताएं एवं नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं। अस्पताल में प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की नियमित जांच की जाती है, ताकि समय रहते जटिलताओं की पहचान कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जा सके। सिजेरियन डिलीवरी की इस सफल प्रक्रिया में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि कुमार, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. फिरोज सहित मुकेश शर्मा, पुष्पा, आकांक्षा एवं संजय द्विवेदी की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ के अधीक्षक डॉ. स्वप्निल तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को बेहतर, सुरक्षित और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने सफल डिलीवरी में शामिल समस्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

महिला सशक्तिकरण की नई पहल संगवारी जेंडर समाधान केंद्र का शुभारंभ

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़ विकासखंड में महिलाओं के अधिकार, सम्मान और लैंगिक समानता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत संगवारी जेंडर समाधान केंद्र (जेंडर रिसोर्स सेंटर) का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम के मार्गदर्शन में नवा बिहान संकुल स्तरीय संगठन परिसर में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य शाहनवाज अली रहे, जिन्होंने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सरपंच ललन सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बताया गया कि यह केंद्र महिलाओं को परामर्श, कानूनी सहायता, सखी वन स्टॉप सेंटर से समन्वय, प्रकरणों के फॉलो-अप तथा जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सहयोग प्रदान करेगा। समापन पर सभी ने महिला सम्मान, सुरक्षा और समानता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

तातापानी महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा

बलरामपुर/नवप्रदेश। तातापानी महोत्सव संक्रांति परब 2026 के सफल आयोजन को लेकर जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को उनके निर्धारित कार्यक्षेत्र के अनुरूप दायित्वों का गंभीरता एवं समयबद्ध तरीके से निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि तातापानी महोत्सव का आयोजन पूर्व निर्धारित रूपरेखा के अनुरूप सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से किया जाए। उन्होंने संक्रांति पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं पर आधारित स्टॉल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सड़कों के श्रेय को लेकर सियासी संग्राम, पूर्व विधायक ने गिनाए तथ्य

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के अंतर्गत भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत सड़कों को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। वर्तमान विधायक रेणुका सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति का श्रेय लेने पर पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने आपत्ति जताते हुए तथ्यों के साथ अपना पक्ष रखा। प्रेस वार्ता में गुलाब कमरों ने कहा कि इन सड़कों के प्रस्ताव और स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई थी तथा कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत की अनुशंसा और

निरंतर प्रयासों से ये परियोजनाएं संभव हो सकीं। उन्होंने बताया कि पीएमजीएसवाय-4 के तहत कोरिया जिले में 27 सड़कों को लगभग 147 करोड़ रुपये और एमसीबी जिले में 56 सड़कों को करीब 236 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली। वहीं, पीएम जनमन योजना के अंतर्गत एमसीबी जिले में 55 सड़कों के लिए लगभग 179 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए। पूर्व विधायक ने कहा कि केवल प्रशासकीय प्रक्रिया पूरी होने पर श्रेय लेना उचित नहीं है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित

कलेक्टर ने की प्रशासनिक समीक्षा, वर्चुअल बैठक में विकास और सुशासन पर फोकस

एमसीबी/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से जिले के समस्त विभागों की व्यापक एवं गहन समीक्षा बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों, लंबित प्रकरणों एवं जन शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण को सुनिश्चित करना रहा। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने डाक सेटअप से संबंधित नियमित विभागीय बैठकों, डबल



चार्ज अधिकारियों की स्पष्ट मैपिंग, कार्य विभाजन को सुव्यवस्थित करने तथा विभागीय जांच प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। आधार आधारित उपस्थिति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यालयों में शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने और उपस्थिति रिपोर्ट नियमित रूप से कलेक्टर कार्यालय भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में हाईकोर्ट प्रकरण, उप पंजीयक कार्यालय खड़गवां के पंजीयन मामले, चिरमिरी सांस्कृतिक भवन, न्यायालयीन भूमि से जुड़े स्टे प्रकरण, पीएम किसान सम्मान निधि, डीएमएफ, पीएमजीएसवाई, पीडब्लूडी, नगर निगम चिरमिरी एवं विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। परिवहन विभाग को बस सेवा सुचारू करने हेतु रूट चार्ट प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आधार अपडेटेशन, सुशासन सप्ताह शिविरों में शिकायतों के त्वरित निराकरण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक योजना का वास्तविक लाभ आम नागरिक तक पहुंचे, यही प्रशासन का मूल लक्ष्य है।

कार्यक्रम | 22 जनवरी तक लिए जाएंगे दावा-आपत्ति, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर दी जानकारी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन मंगलवार 23 दिसंबर 2025 को किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले में संपादित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप (ड्रॉफ्ट) मतदाता सूची आज 23 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित की जा रही है। दावा एवं आपत्ति अवधि 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित है, जिसमें पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा अपात्र नाम कटाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन अनुसार जिले में कुल मतदाता 05 लाख 98 हजार 492 है, जिनमें से 02 लाख 99 हजार 614 पुरुष मतदाता एवं 02 लाख 98 हजार 862 महिला मतदाता तथा 16 तृतीय लिंग के मतदाता है। ऐसे नागरिक जिनकी उम्र 01

जनवरी 2026 को या उससे पहले 18 साल पूर्ण कर लिया गया है तथा जिनका नाम वर्तमान में किसी कारणवश मतदाता सूची में दर्ज नहीं करा पाया है। वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फार्म 6 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विदेश में रहने वाले वोटर द्वारा इलेक्टोरल रोल में शामिल करने के लिए फार्म 6।, मौजूदा इलेक्टोरल रोल में नाम शामिल करने/हटाने के प्रस्ताव पर आपत्ति के लिए वोटर एप्लीकेशन फॉर्म 7, कोई मतदाता अपने नाम एवं अन्य किसी प्रकार का संशोधन या पते में परिवर्तन करना चाहते हैं वे फार्म-8 के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। एप्लीकेशन फॉर्म अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर के पास जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण करने के पश्चात् जिले में मतदान केंद्रों की संख्या 876 है। पूर्व में मतदान केंद्र की संख्या 782 थी, जिसमें 94 की वृद्धि हुई है। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, सर्व एसडीएम सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सरगुजा में आजीविका मिशन की चयन सूची निरस्त, दावा-आपत्ति आमंत्रित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सरगुजा जिला हेतु रिक्त संविदा पदों विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक के 02 पद, क्षेत्रीय समन्वयक 10 पद एवं लेखा सह डॆ सहायक 06 पद, कुल 18 पदों हेतु प्रकाशित चयन सूची व प्रतीक्षा सूची के परिप्रेक्ष्य में प्राप्त दावा आपत्ति का समिति द्वारा परीक्षण किया गया। चयन समिति द्वारा प्रकाशित चयन सूची/प्रतीक्षा सूची में अभ्यर्थियों को दिए गए अंकों में प्रकाशित सूचना अनुसार एवं विहित मापदण्डों के अनुसार अनुभव वर्ष की गणना एवं मूल्यांकन में विसंगतियां पाई गई, जिसके अनुसार प्रकाशित चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची 31 अक्टूबर 2025 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया। उन्होंने बताया कि चयन समिति द्वारा लिए गए निर्णय उपरांत पदवार, पात्र अभ्यर्थियों की वरीयता सूची एवं अपात्र सूची का प्रकाशन करते हुए, दावा/आपत्ति आमंत्रित की जा रही है। प्रकाशित सूची पर अभ्यर्थी अपना दावा/आपत्ति 30 दिसंबर 2025 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत सरगुजा, अम्बिकापुर में जमा कर सकते है।

न्यूज गैलरी

जनसमस्या समाधान शिविर में 308 आवेदन, 155 का निराकरण

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत टेमरी में आयोजित शिविर में 308 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 155 मामलों का त्वरित निराकरण किया गया, शेष प्रकरणों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह अचानकमार में आमजनों द्वारा विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 235 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया जा रहा है।ग्राम पंचायत टेमरी में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता पद्मनी मोहले, जनपद सदस्य पवन पाण्डेय, शक्ति सिंह, पूर्व जनपद सदस्य मानस प्रताप सिंह, कमलेश मिश्रा शामिल हुए। जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह ने आमजनों को शिविर का लाभ उठाने प्रेरित करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएँ आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति, महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त भुगतान, सुव्यवस्थित धान खरीदी, आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क उपचार, राजस्व प्रकरणों के त्वरित निपटारे, संस्थागत प्रसव एवं सुपोषण अभियान के प्रभावी परिणामों की जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं पंच-सरपंच तथा जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सिद्धि विनायक फार्मेसी कॉलेज में वार्षिक महोत्सव का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। सिद्धि विनायक इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज बिलासपुर में आयोजित 'वार्षिक



खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव सृजन 2025 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन '15 से 23 दिसंबर 2025 तक चला, जिसमें विद्यार्थियों ने खेल, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। महोत्सव के अंतर्गत वॉलीबॉल, क्रिकेट, खो-खो, रुमाल दाव, पिट्ठू, कैरम, रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ तथा इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में रंगोली एवं मेहंदी, गायन एवं वादन (एकल व समूह), नृत्य (एकल व समूह), रील मेकिंग एवं फोटोग्राफी, पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट (आर्ट एंड क्राफ्ट) तथा सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शनी जैसी आकर्षक प्रतियोगिताएँ एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा ने सभी का मन मोह लिया। संस्थान के अध्यक्ष राहुल वाजपेई, सचिव ऋतुराज बाजपेई एवं प्राचार्य डॉ एस एस नायक ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों, आयोजक समिति एवं सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति 22 जनवरी तक, 21 फरवरी को होगा अंतिम प्रकाशन

जिले में विशेष पुनरीक्षण के दौरान 5.32 लाख मतदाताओं का किया गया सत्यापन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में एस.आई.आर के दौरान गणना पत्रक भरने वाले मतदाताओं की संख्या 05 लाख 32 हजार 21 है। जिनका नाम मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन में नाम प्रविष्ट है। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 06 लाख 17 हजार 23 है। जिसमें स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 34 हजार 911, मृतकों की संख्या 21 हजार 592 तथा दोहरी प्रविष्टी की संख्या 28 हजार 499 है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) के संबंध में प्रेस कांफ्रेंस कर एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक ली एवं विस्तारपूर्वक आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान जिले के विधानसभा क्षेत्र 26-लोरमी, 27-मुंगेली (अ.जा.) एवं 29-बिल्हा के भाग संख्या 01 से 143 के निर्वाचक नामावली के प्ररूप 5 का प्रकाशन किया गया और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली की हार्ड कापी एवं फोटोरहित निर्वाचक नामावली की साफ्टकापी (सीडी), मतदान केन्द्रों की सूची तथा एएसडी की सूची उपलब्ध कराई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावली में किसी निर्वाचन का नाम नामावली में सम्मिलित किए जाने अथवा विलोपित किए जाने के संबंध में दावा-आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक किया जा सकता है। 14 फरवरी 2026 तक दावा-आपत्तियों के निराकरण का कार्य किया जायेगा। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान ऐसे मतदाता जिनको सी कैटेगरी में रखा गया है उनको अपने उम्र के वर्ग के अनुसार से निर्धारित दस्तावेज की मांग के लिए नोटिस तामिल किया जाएगा। इसके साथ ही साथ जो मतदाता 01 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनसे फॉर्म 6 के द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन भी प्राप्त किया जा रहा है।

इसके अलावा वे सभी व्यक्ति जो 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे उनसे भी भावी मतदाताओं के रूप में फार्म 06 भराने की कार्यवाही की जाएगी। इसके उपरांत 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। वर्तमान में जिले के कुल मतदाताओं की संख्या 06 लाख 17 हजार 23 है। एस.आई.आर के दौरान गणना पत्रक भरने वाले मतदाताओं की संख्या 05 लाख 32 हजार 21 है। जिनका नाम मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन में नाम प्रविष्ट है। स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 34 हजार 911, मृतकों की संख्या 21 हजार 592 तथा दोहरी प्रविष्टी की संख्या 28 हजार 499 है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बताया कि जिले के जिन मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक होने पर आयोग के निर्देशानुसार उन मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तिकरण कर 134 नए मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। अब मुंगेली विधानसभा अंतर्गत 340 मतदान केन्द्र, लोरमी विधानसभा अंतर्गत 312 और पथरिया अंतर्गत 143 मतदान केन्द्र हो गए हैं।

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की ली बैठक

धान खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें नोडल अधिकारी: कलेक्टर तोपनो

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए खरीदी कार्यों का सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने और ऑनलाइन कटे टोकनों का भौतिक सत्यापन भी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कोचियों-बिचौलियों द्वारा जिले में किसी भी प्रकार से अवैध धान खपाने की कोशिश करने पर सतत निगरानी रखते हुवे त्वरित कार्रवाई करते हुवे इसे रोके तथा धान की किसी भी प्रकार की अवैध खरीदी, भंडारण व परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें। कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों



कर्मचारियों को पूरी प्राथमिकता से इस कार्य को करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

समय सीमा की बैठक मे कलेक्टर ने कई विभागों के इनऑपरेटिव एवं डिफ गवर्नमेंट बैंक अकाउंट्स को ऑपरेटिव कराए जाने के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और ऐसे डिफ गवर्नमेंट बैंक अकाउंट्स जो एक्टिव किए जा चुके है और ऐसी योजनाएं जो संचालित नहीं है कि राशि शासकीय कोष में जमा कराने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सघन पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों की अद्यतन स्थिति, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉकवार स्क्रीनिंग कार्य सहित अन्य विभिन्न कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग अंतर्गत समग्र शिक्षा योजना, पी एम श्री निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति, यू डाइस, अपार आईडी, परीक्षा पर चर्चा पंजीयन की स्थिति, विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की स्थिति, बालवाड़ी संचालन के संदर्भ में अद्यतन स्थिति, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालन की स्थिति सहित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा किसान पंजीयन, चावल जमा की जानकारी, जिलेवार संग्रहण केंद्रों में भंडारित धान, जारी डीओ, बीओ उठाव तथा शेष धान की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रारंभ करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस का नियमित उपयोग कर फाइलों के शीघ्र निपटान पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर द्वारा तहसीलवार विवादित नामंतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, आधार प्रविष्टि सहित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

धर्मांतरण विवाद और कांकेर हिंसा के विरोध में बंद रहा सफल

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में धर्मांतरण विवाद, जनजातीय समाज पर हमले और प्रशासनिक भेदभाव के विरोध में आज प्रस्तावित प्रदेशव्यापी बंद को मुंगेली में पूर्ण समर्थन मिला और नगर पूर्ण रूपेण बंद रहा। हिन्दू संगठन और सह समाज ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए, बंद को पूरी तरह से समर्थन रहा।

धर्मांतरण और कांकेर हिंसा के विरोध में आज मुंगेली जिला बंद सड़कों पर उतरे हिंदू संगठन नें कांकेर जिले के आमाबेड़ा में हुई हिंसक झड़प और कथित अवैध धर्मांतरण के खिलाफ आज जिला पूरी तरह बंद रहा, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सर्व हिंदू समाज के आह्वान पर सुबह से ही शहर के मुख्य बाजार बंद रहे। चेंबर ऑफ कॉमर्स के समर्थन के बाद व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने स्वेच्छा से शटर गिराए रखे। शहर के गोल बाजार, पड़ाव चौक और लोरमी, पथरिया के मुख्य बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। आवश्यक सेवाओं (मेडिकल और आपातकालीन) को छोड़कर अन्य सभी दुकानें बंद रहीं, प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि आमाबेड़ा घटना के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और राज्य में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून बनाया जाए। उनका आरोप है कि बस्तर से लेकर मुंगेली तक धर्मांतरण की गतिविधियां बढ़ रही हैं।, बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओं ने सुबह शहर में घूम-घूमकर व्यापारियों से समर्थन मांगा। अधिकांश व्यापारियों ने इस मुद्दे पर अपना समर्थन देते हुए प्रतिष्ठान बंद रखे।

नवागांव घुठेरा में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम नवागांव घुठेरा में किया जा रहा है।

शिविर के दौरान बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत नशा उन्मूलन, जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता, गतिविधियां एवं विविध रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य विजय सोनी एवं कार्यक्रम अधिकारी किशनलाल देवांगन ने बताया कि यह शिविर समीपस्थ ग्राम नवागांव घुठेरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 21 से 27 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच नारायण साहू, उपसरपंच नरेन्द्र टोन्डे, प्राचार्य मनीराम कुर्रे एवं ग्राम के पंचगण सुदर्शन साहू, मुकेश साहू, देवकुमार साहू एवं गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने संदेश देते हुए हमेशा स्वानुशासन का पालन करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी एवं अनुशासन ही सफलता की कुन्जी बताया। इस वर्ष शिविर की मुख्य थीम युवाओं के लिए नशा मुक्त भारत रखी गई है। शिविर के दौरान बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत नशा उन्मूलन, जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता, गतिविधियां एवं विविध रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अंत में कार्यक्रम अधिकारी किशनलाल देवांगन ने शिविर के प्रमुख उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशा मुक्त एवं स्वच्छतायुक्त समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। सीके पाण्डे द्वारा एनएसएस प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया एवं अंत में खेमराज जायसवाल द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

निधन सुभाष चंद

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, व्यवसायी और दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य सुभाष चंद्र जैन निवासी सुभाष वार्ड का, आकस्मिक निधन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्ति धाम में आज समय किया गया, वे सुधीर जैन, सोमेश जैन के पिता थे।

कलेक्टर जनदर्शन में 33 आवेदन मिले त्वरित व समयबद्ध निराकरण के निर्देश

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनदर्शन में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं सीधे कलेक्टर के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 10 आवेदन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने स्वयं सुने, जबकि शेष आवेदनों को अपर कलेक्टर नम्रता डोंगरे द्वारा सुना गया। जनदर्शन में ग्राम सभा गठन, भूमि एवं रकबा संशोधन, धान खरीदी, वन अधिकार पट्टा, एरियर्स भुगतान, राजस्व प्रकरण, राशन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली बिल सुधार, सड़क मरम्मत, आर्थिक सहायता, वेतन भुगतान, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, जनधन हानि, स्वास्थ्य एवं नगरीय विकास से जुड़े विभिन्न आवेदन प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर संबंधित विभाग आपसी समन्वय से शीघ्र निराकरण करें, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो। अपर कलेक्टर नम्रता डोंगरे ने भी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान समय पर कर उसकी जानकारी आवेदकों को दी जाए। जनदर्शन के माध्यम से प्रशासन ने आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और जवाबदेही का संदेश दिया।

ई-ऑफिस में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त, सीएमओ व डीईओ को नोटिस

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने ई-ऑफिस के क्रियान्वयन में लापरवाही पर सख्ती दिखाते हुए लोरमी, पथरिया, बरेला, जरहागॉव और सरगॉव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही इनआपरेटिव डीएफएकाउंट तथा ई-ऑफिस में फाईल का संपादन नहीं करने पर डीईओ सहित सभी बीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यालय के समस्त कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से संपादित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा और जिले में बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में लक्षित प्रगति प्राप्त नहीं करने पर सभी नगरीय निकायों व जनपद पंचायतों के सीएमओ और राजस्व विभाग को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के ईई को पीएम सूर्य घर योजना में प्रगति लाने निर्देशित किया। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्य-प्रगति की जानकारी ली तथा मुख्यमंत्री घोषणाओं को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने सभी विभागों के अंतर्गत हाईकोर्ट में लंबित विभागवार प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध जवाब प्रस्तुत कर प्रकरणों के निराकरण के संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए तेज गति से उठाव के निर्देश दिए गए।

खेती-किसानी

फूलों की खेती से आत्मनिर्भरता की राह पर किसान नीताई मिस्त्री

आधुनिक तकनीक से किसानों को मिल रहा अधिक मुनाफा

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए किसान अब नवाचार और आधुनिक तकनीक को अपनाकर आर्थिक समृद्धि की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। फूलों की खेती विशेष रूप से गेंदा और गुलाब किसानों के लिए आय का सशक्त साधन बनकर उभर रही है।

विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम राधाकृष्णानगर के प्रगतिशील कृषक नीताई मिस्त्री इसकी जीवंत मिसाल हैं, जो फूलों की खेती से न केवल आत्मनिर्भर बने हैं बल्कि अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन रहे हैं। नीताई मिस्त्री ने कई वर्ष पूर्व बहुत कम लागत में फूलों की खेती की शुरुआत की थी। कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से मार्गदर्शन लेकर निरंतर मेहनत, अनुभव और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाते हुए धीरे-धीरे उनकी फसल की पैदावार और गुणवत्ता में वृद्धि होती गई। इसका प्रत्यक्ष परिणाम है कि कम लागत में उन्हें अच्छा मुनाफा मिलने लगा और फूलों की खेती उनकी मुख्य आय का साधन बन गई। श्री मिस्त्री द्वारा आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। मल्चिंग एवं टपक सिंचाई (ड्रिप इरिगेशन) के माध्यम से वे 1 एकड़ में गुलाब तथा 2 एकड़ में गेंदा फूल की खेती कर रहे हैं। आधुनिक सिंचाई व्यवस्था से पानी की बचत के साथ-साथ उत्पादन में भी बढ़ोतरी हुई है। नीताई मिस्त्री के गुलाब एवं गेंदा फूलों की मांग बलरामपुर जिले के साथ-साथ आसपास के अन्य जिलों में भी रहती है। विशेष रूप से मई माह के अंतिम सप्ताह से जून माह तक शादी-ब्याह, पूजा-पाठ एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के चलते फूलों की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है, जिससे बाजार भाव भी बेहतर मिलते हैं। फूलों की उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण इनके उत्पादों को विवाह एवं आयोजनों में विशेष प्राथमिकता दी जाती है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता गुलाल सिंह ठाकुर उम्र 42 वर्ष पिता श्री पोखन सिंह ठाकुर जाति ठाकुर साकिन कठमुडा तहसील तखतपुर जिला-बिलासपुर छ.ग. की निवासी हूं, जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूं कि 1. यह कि मैं उपरोक्त पेत का स्थाई निवासी हूं। 2. यह कि मेरी पुत्री लवली (LOVELY) के आधार कार्ड में त्रुटिवश लबली राजपूत (LOBALI RAJPUT) दर्ज हो चुका है। 3. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड के अलावा जन्म प्रमाण पत्र में लवली (LOVELY) दर्ज है। 4. यह कि लवली (LOVELY) एवं लबली राजपूत (LOBALI RAJPUT) एक ही है जो कि मेरी पुत्री का ही नाम है। 5. यह कि यह शपथ आधार कार्ड में नाम परिवर्तन कराने के समर्थन में निष्पादित है। इस संबंध में किसी प्रकार की असत्यता पाए जाने पर संपूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।

शपथकर्ता
गुलाल सिंह
तखतपुर

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
2nd call

NIT NO: 35/Helth/Zone-2/2025 **RAIPUR DATED: 23/12/2025**

Online bids are invited for the following works of works up to Date 08/01/2026 at 17:30 hours.

क्र.	सिस्टम टेंडर नं.	कार्य स्थल का नाम	कुल कुशल/ अकुशल श्रमिक	निविदा राशि (लाख रू. में)	अमानती राशि (लाख रू.में)	समयावधि
1	182255	शहीद स्मारक भवन एवं सामुदायिक भवन मौदहापारा में 03 पाली में कुल- 12 सुरक्षा गार्ड प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य।	12	20.32	0.70	12 माह
2	182256	शहीद स्मारक भवन में साफ सफाई एवं अन्य कार्य हेतु कुल 07 हाउस कीपिंग स्टाफ (अकुशल श्रमिक) प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य।	07	16.46	0.70	12 माह

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from 24/12/2025 **10.30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.

2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE-2
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

हमें प्रकृति और अपनी संस्कृति से जुड़ना जरुरीः कुलपति प्रो. सारस्वत

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में त्रि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में जुटे देशभर के वरिष्ठ शिक्षाविद

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर एवं जनजाति शोध एवं अनुशीलन केन्द्र, नई दिल्ली के तत्त्वावधान में पं. सुन्दरलाल शर्मा जी की 175 वीं जयंती एवं कुल उत्सव के अवसर पर 'भारतीय जनजातियांः सांस्कृतिक विरासत एवं महानायकों की भूमिका' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी के तृतीय दिन आज दिनांक 23 दिसम्बर 2025 को सुबह 10.30 बजे से समारोह प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. वी.के. सारस्वत ने कहा कि हमें प्रकृति और अपनी संस्कृति से जुड़ना जरुरी है। जनजाति हमारे हित के लिए हमें सचेत कर रहे हैं। असली आत्मनिर्भर भारत जनजातियों के बीच में है। उनके पास उनकी समस्याओं के अपने समाधान है। उन्होंने कहा कि अब हमारे बीच में ऐसी संगोष्ठियों की आवश्यकता है जिससे चरित्र का निर्माण हो सके, जिसमें लोगों में समरसता पैदा हो, लोगों में आत्म सम्मान आए, हम एक दूसरे से जुड़ पाए । ऐसे संगोष्ठियों जितनी ज्यादा होगी, उतना अच्छा हमारा युवा तैयार होगा। युवा ही हमारे देश का भविष्य है। उन्हें कैसे अच्छे संस्कार मिल सके इसका हमें प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापक गण, अधिकारी गण, कर्मचारीगण, शोधार्थी गण, शिक्षार्थी गण समेत जन सामान्य उपस्थित रहे। आयोजन के नवम सत्र में विभिन्न शोधार्थियों ने अपने 'शोध पत्र का वाचन किया । इस सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर हीरालाल शर्मा, निदेशक, कला संकाय ने किया। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में कुल 7 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्रों का वाचन किया। सत्र का मंचीय संचालन श्री प्रवीण टोप्पो, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी ने किया। अपने उद्बोधन में प्रो. शर्मा ने कहा कि किसी संस्कृति और जाति विशेष को जानने से पहले हमें अपने राष्ट्र को जानना चाहिए। भारत में जाति, धर्म, संस्कृति, भाषा इत्यादि में विविधता पाई जाती है, लेकिन अत्यधिक विविधता के बावजूद धर्मनिरपेक्षता मौजूद है, जो पूरे देश को एक सूत्र में बांधती है। संगोष्ठी के दशम सत्र के अंतर्गत 'शोध विधियाँ' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता श्री वैभव सुरंगे ने की। सत्र के वक्ता प्रो. मिलिंद दांडेकर, माननीय कुलपति, भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्यप्रदेश व श्री शारदा प्रसाद त्रिपाठी, कुलसचिव, संत गहिरागुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा उपस्थित रहे। कुलसचिव श्री त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आधुनिक संस्कृति के प्रभाव ने प्राचीन जनजातीय संस्कृति को गहरी क्षति पहुँचाई है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज ज्ञान का अथाह भंडार है।

जनजातियों की मूल प्रवृत्ति अनुसरण नहीं, नेतृत्व करें : डॉ. शर्मा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि हमें गौरवमय नव इतिहास रचना है। इसकी जिम्मेदारी और किसी की नहीं, बल्कि हमारी ही है। हमें अपने आप को जानना है हमें अपने अंदर छिपे हुए उस मूल प्रवृत्ति को पहचानना है जिससे न केवल हम समृद्ध होंगे बल्कि अपनी मातृभूमि को भी समृद्धता देंगे। उन्होंने कहा कि देश हमें सब कुछ देता है हमें भी देश को कुछ देना चाहिए। जनजातियों की मूल प्रवृत्ति किसी अन्य को अनुसरण करने की नहीं बल्कि नेतृत्व करने की है। हमें उनके भौतिक सुख सुविधाओं को बढ़ाना नहीं है बल्कि उनकी मूलप्रवृत्ति को पहचान कर उनके कारणानुरूप निदान प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत के नाम पर इनका मोमेंटो बनाकर देना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि इनके अस्तित्व को आत्मसात करते हुए पहचान के इनको उचित जगह पर पहुंचना हम सब का दायित्व है।

न्यूज गैलरी

तान नदी पुल के आकस्मिक मरम्मत कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के कटघोरा-शिवनगर खंड के अंतर्गत गुरसियाँ में स्थित तान नदी पुल के मरम्मत एवं रखरखाव के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। लगभग चार करोड़ 76 लाख रुपए की अनुमानित लागत से 116 मीटर लंबे और 7.8 मीटर चौड़े पुल की संरचनात्मक मरम्मत की जाएगी। पुल पर पूर्ण क्षमता के साथ शीघ्र यातायात सुचारु करने के लिए मरम्मत के कार्य को दो महीने में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए तत्परता से सड़कों और पुलों की मरम्मत सुनिश्चित की जा रही है। तान नदी पुल की स्थिति और यातायात के दबाव को देखते हुए इसे आकस्मिक मरम्मत एवं रखरखाव की श्रेणी में रखा गया था। इसके लिए प्राप्त निविदाओं को आज खोल दिया गया है। तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन के बाद जल्दी ही चयनित एजेंसी को कार्यादेश जारी कर दिया जाएगा।

मप्र-छत्तीसगढ़ के कलेक्टर पर हाईकोर्ट नाराज, कहा- क्यों नहीं मिला मुआवजा बताए

सांप काटने से मजदूर की मौत मामले में 9 साल बाद भी नहीं मिला मुआवजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। सांप काटने से मौत के 9 साल बाद भी मजदूर के परिजन को मुआवजा नहीं मिला है। इस मामले को लेकर दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश के बालाघाट और बालोद जिले के कलेक्टर पर नाराजगी जाहिर की है। हाईकोर्ट ने दोनों कलेक्टर को नोटिस जारी कर पूछा है कि हादसे के 9 साल बाद भी मृतक के परिवार वालों को मुआवजा क्यों नहीं दिया गया।

राज्य शासन के प्रावधान के अनुसार आपदा जैसी स्थिति या सर्पदंश और विषैले जंतु के काटने से मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए मुआवजा दिया जाना है। बावजूद इसके 9 साल बीत जाने के बाद भी प्रशांत शिंदे के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल सका है। मृतक की पत्नी और परिवार वाले मुआवजा राशि के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पर मजबूर हैं। दरअसल, मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के ग्राम खैरलांजी निवासी प्रशांत शिंदे साल 2016 में श्रमिक के रूप में काम करने बालोद जिले के डोंडी लोहारा तहसील स्थित ग्राम नहंदा आया था। 25 अक्टूबर 2016 की रात जब वह सो रहा था, तभी उसे सांप ने डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मृतक की पत्नी सुलेखा शिंदे और परिजनों ने बालोद थाने में दी थी। जिसके बाद उसकी पत्नी ने बालोद और बालाघाट दोनों जिलों के कलेक्टर के समक्ष मुआवजा के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किया था।

न्याय के लिए हाईकोर्ट में लगाई याचिका

लगातार प्रयास के बाद भी सहायता राशि नहीं मिलने पर मृतक की पत्नी सुलेखा शिंदे ने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इस मामले की सुनवाई जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू की एकलपीठ में हुई। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद बालोद और बालाघाट कलेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि आखिर किन कारणों से मृतक के परिजन इतने वर्षों से मुआवजा से वंचित रखा गया है।

युवा ही प्रदेश और देश के भविष्यः सीएम साय

■ छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव का शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव का बहतराई स्टेडियम में भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स छत्तीसगढ़ 2026 का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि युवा ही देश और प्रदेश का भविष्य है। राज्य युवा महोत्सव युवाओं की प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, श्री धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, अनुज शर्मा, महापौर पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडे मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को शिक्षा, रोजगार और खेल सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस महोत्सव में प्रदेश भर से 3 हजार से अधिक युवा भाग ले रहे हैं।

एनएसएस शिविर उच्चभट्ठी के लिए बनेगा वरदानः नारायण

■ सेवा, संस्कार और जागरूकता से गांव को सशक्त बनाना ही लक्ष्य

सीपत/नवप्रदेश। अय्यूब खान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मचखंडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम उच्चभट्ठी में 21 से 27 दिसंबर तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ उत्साह और जनसहभागिता के साथ किया गया।।शिविर का उद्घाटन 21 दिसंबर को विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच नारायण साहू, विशिष्ट अतिथि पूर्व पंच प्रेमलाल सारथी एवं रामखिलावान यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाला के संचालक इदरीश खान, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जी.आर. पुलस्त सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल परियोजना कार्य, स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, वहीं रात्रिकालीन सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सामाजिक संदेश दिया जा रहा है। प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों से अतिथियों की सहभागिता शिविर को और अधिक प्रेरणादायी बना रही है। इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सेवा-भावना का विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व की समझ, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा ग्रामीण परिवेश से सीधा जुड़ाव स्थापित करना है। सरपंच नारायण साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से जो संस्कार और सेवा की भावना विद्यार्थियों में विकसित हो रही है, वही भविष्य में गांव और समाज को मजबूत बनाएगी। ऐसे शिविर गांव के लिए वरदान हैं। ग्रामीणों ने भी स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए इसे ग्राम उच्चभट्ठी के लिए सकारात्मक और प्रेरणादायी पहल बताया।

छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना उद्देश्य : खान

शाला संचालक इदरीश खान ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि छात्रों को समाज से जोड़कर एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। रासेयो शिविर छात्रों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम अधिकारी जी.आर. पुलस्त ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र 'मैं नहीं, आप' है। इस शिविर के माध्यम से स्वयंसेवक गांव की वास्तविक समस्याओं को समझकर सेवा के जरिए समाधान का प्रयास कर रहे हैं।

विनोद शुक्ल के निधन से शोक, कवि सम्मेलन स्थगित

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य युवा महोत्सव के अंतर्गत बिलासपुर के पुलिस ग्राउंड में आयोजित होने वाला बहुप्रतीक्षित कवि सम्मेलन, प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ला के असमय निधन के कारण निरस्त कर दिया गया। उनके निधन से साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई और आयोजन को श्रद्धांजलि स्वरूप स्थगित करने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित मंचासीन सभी अतिथियों और कवियों ने विनोद कुमार शुक्ला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूरे परिसर में कुछ समय के लिए मौन रखकर दिवंगत साहित्यकार को नमन किया गया।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि विनोद कुमार शुक्ला हिंदी साहित्य के सशक्त स्तंभ थे और उनकी रचनाएं समाज को नई दृष्टि देती रहेंगी। उन्होंने कहा कि उनका जाना साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने भी विनोद कुमार शुक्ला को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी लेखनी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी।

विधायक लहरिया के प्रयास से 15.44 करोड़ की 6 सड़कों को मिली मंजूरी

सीपत/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय-4) के अंतर्गत बैच-1, वर्ष 2025-26 में मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र को सड़क विकास की एक बड़ी और ऐतिहासिक सौगात मिली है। क्षेत्रीय विधायक दिलीप लहरिया के सतत, सशक्त और जनहितकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्रामीण अंचलों की बहुप्रतीक्षित मांग आज साकार हुई है। पीएमजीएसवाय-4 (बैच-1) के तहत मस्तूरी विधानसभा में कुल 6 ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी कुल लंबाई 17.33 किलोमीटर तथा अनुमानित लागत 15.44 करोड़ है। ये

सड़कें वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहे ग्रामीण क्षेत्रों को पक्के मार्ग से जोड़ते हुए विकास की नई इबारत लिखेंगी। इन सड़कों में बिटकुला से हरदुली (व्हाया निरतु) लंबाई 3.70 किमी राशि 327.42 लाख , गतौरा जयरामनगर मेन रोड से अंबेडकर नगर लंबाई 3.40 किमी राशि 307.67 लाख ,सुकुलकारी से बेल्हा लंबाई 3.73 किमी राशि 332.22 लाख , बैट्री स्कूल से भक्तिन मोहल्ला लंबाई 2.20 किमी राशि 188.67 लाख में निर्माण होना

आयोजन नयनतारा शर्मा कॉलेज पंधी के विद्यार्थियों की प्रस्तुति को मिला दर्शकों का स्नेह व तालियां

छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की जीवंत झलक बना 'छत्तीसगढ़ दर्शन'

सीपत/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग एवं अखंड ब्राह्मण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ी व्यंजन मेला सह हाट का भव्य आयोजन सीएमडी कॉलेज मैदान, बिलासपुर में संपन्न हुआ। इस सांस्कृतिक महोत्सव में जिले के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

इसी क्रम में नयनतारा शर्मा कॉलेज, पंधी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं झांकी छत्तीसगढ़ दर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बन गया। विद्यार्थियों ने नृत्य व झांकी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत को सजीव रूप में मंच पर उतारा। प्रस्तुति में हरेली, तीजा, पोला, नवरात्रि जंवारा, छेरछेरा, फाग, पंथी, ददरिया एवं सुवा नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति का सुंदर चित्रण किया गया, जिसे दर्शकों ने करतल ध्वनि से सराहा। नयनतारा शर्मा कॉलेज के डायरेक्टर इंजीनियर प्रांजल धर शर्मा (दीवान), ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. नमिता द्विवेदी एवं प्राचार्य डॉ. शशिकांत शुक्ला ने सभी कलाकार विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम का कुशल मार्गदर्शन ओम प्रकाश गुप्ता (आईटी इंचार्ज) द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी बलराम जोशी, अश्वनी सोनी, रूपाली मिश्रा, प्रणित कोरी एवं अनामिका चंद्राकर (सहायक प्राध्यापक) का विशेष योगदान रहा।,

सुप्रिया की नृत्य प्रस्तुति उत्कृष्ट

छत्तीसगढ़ महतारी के रूप में नंदनी तथा मां दुर्गा के रूप में आशा राठौर के सशक्त अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं सुप्रिया वस्त्रकार की नृत्य प्रस्तुति को सबसे उत्कृष्ट माना गया। सहयोगी कलाकार करन, चंद्र प्रकाश, राज, हरीश, हनी, आंचल, संजना, दामिनी, भानु, रूबी, राजी, अतुल, अविनाश, प्रगति, दमनी, कविता एवं झरोखा ने भी लोकलुभावन नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की जमकर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पत्नी एवं समाजसेविका कौशल्या साय रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी राजवाड़े, महिला एवं बाल विकास मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन तथा हर्षिता पांडेय की गरिमामय उपस्थिति रही।

क्षेत्रवासियों को क्रिसमस (खिस्त) पर्व तथा नये वर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....

फादर श्री आईजक कुजूर
फादर श्री साइरल एक्का
सिस्टर अर्चना
सिस्टर सुशीला

-: सौजन्यः-

ज्योति आश्रम जमदरा
लखनपुर, सरगुजा छत्तीसगढ़

क्षेत्रवासियों को क्रिसमस (खिस्त) पर्व तथा नए वर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....






-: सौजन्यः-

श्री प्रवीण कुमार खलखो
(एसडीओ) ग्रा.या.से.
सपरिवार अम्बिकापुर, सरगुजा छत्तीसगढ़

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. श्री रजनीश कुमार सिंह जी
अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर
श्रीमती रजनी साहू जी
उपाध्यक्ष-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर
के कार्यभार ग्रहण करने पर
हार्दिक शुभकामनाएं...
दिनांक : 25 दिसम्बर 2025
समय : दोपहर 2.00 बजे से
स्थान: जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय
नेहरू चौक, बिलासपुर
मनीष सिंह
सतीश राज
आशीष तिवारी
प्रशांत चौरहा
श्रीकांत दुबे
विनीत : समस्त कार्यकर्तागण
रामनिवास शर्मा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com